तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 16 मई 2026



शनिचरी वाल्मिकी चौक पर लगने लगी ठेले वालों की दुकान, सड़क पर लग रहा जाम






# आंधी चलते ही पेड़ गिर रहे, बंद हो रही बिजली, सुधारने में लग रहे 12 घंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग सरकारी सुशासन तिहार की हवा निकालने पर तुला हुआ है। आंधी और बारिश के बाद बिजली बंद हो रही है तो सप्लाई बहाल होने में दो चार नहीं, 12 - 12 घंटे लग रहे हैं। अनेक इलाकों में रहने वाले हजारों लोग बिजली की राह देखते हुए अंधेरे में गर्मी और उमस झेल रहे हैं। शहर से लगा सकरी क्षेत्र सबसे अधिक समस्याग्रस्त है, इस क्षेत्र की बिजली बंद होने के बाद सप्लाई शुरू होने में पूरा दिनांक ही बदल जाता है।

■ सुशासन तिहार की हवा निकाल रहा बिजली विभाग

बेमौसम बारिश और अचानक चलने वाली आंधी बिजली विभाग की तैयारियों की पोल खोल रही है। मौसम बिगड़ते ही शहर के कई इलाकों में घंटों ब्लैक आउट की स्थिति बनती है, बिजली विभाग व्यवस्था सुधार नहीं पाता है। शुक्रवार की सुबह आई आंधी व बारिश के बाद सकरी और उसलापुर क्षेत्र में कई जगहों पर पेड़ की डंगाल गिरने के कारण बिजली सप्लाई ठप हो गई। इस क्षेत्र की दर्जनों कालोनियों में रहने वाले लोग सुबह से बिजली सप्लाई शुरू होने की राह देखते रहे, लेकिन बिजली नहीं आई। बिजली चालू नहीं होने से हजारों घरों में पानी भी नहीं पहुंचा।

गड़बड़ियों को देखते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को अतिरिक्त कर्मचारियों के सहारे सुधार कार्य कराना था, परन्तु ऐसा नहीं हुआ। हालत यह हुई कि भरी गर्मी में लोग पूरी दोपहर बिजली की राह देखते रहे, अधिकांश घरों के इन्वर्टर ने भी काम करना बंद कर दिया, इससे लोग सड़कों पर टहलते हुए गर्मी से राहत पाने का प्रयास करने लगे।

बड़ी मुश्किल से शाम पांच बजे के बाद बिजली सप्लाई शुरू हुई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन कुछ देर बाद ही फिर से बिजली की आंखमिचौली शुरू हो गई। देर रात तक यही सिलसिला चलता रहा।



मंगला अभिषेक विहार दीनदयाल कालोनी में आंधी बारिश से गिरा पेड़।



बिजली का खंभा घर पर गिरा, मंगला क्षेत्र में ब्लैक आउट।

### अब तक नहीं सुधरी है व्यवस्था

दो दिन पहले ही जागरूक उपभोक्ता नेहरू नगर कार्यालय पहुंच कर अपनी परेशानी बताई थी, लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों का ध्यान क्षेत्र के बिजली सप्लाई व्यवस्था पर नहीं है। बताया जा रहा है कि आंधी के दौरान 24 घंटे तक बिजली बहाल नहीं की जाती है, जिससे बिजली विभाग की कार्यप्रणाली ही संदेह के घेरे में है। शिकायत के लिए कॉल करने पर अधिकारी फोन नहीं उठाते और एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आते हैं।

### इन इलाकों में भी बंद रही बिजली

इसके साथ ही शहर के सरकंडा क्षेत्र में सुबह से ही बिजली बंद रही, नूतन चौक, चौबे कालोनी जैसी जगह पर सुबह 5 से दोपहर 3 बजे तक बिजली बंद रही। साथ ही विनोबा नगर, मसानगंज, सरजू बगीचा, टिकरापारा, करबला, हेमुनगर, 27 खोली जैसे जगहों पर बिजली आती जाती रही, जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ा है।

### मंगला क्षेत्र में भड़के लोग

बिजली बंद होने का सबसे ज्यादा असर मंगला क्षेत्र में देखने को मिला, जहां रहवासियों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। इस क्षेत्र में बिजली तारों पर पेड़ व डंगाल गिरने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। मंगला क्षेत्र वार्ड 13 व 14 के साथ ही अल्का एवेन्यू, दीनदयाल कॉलोनी, अभिषेक विहार और अभिषेक नगर समेत कई इलाकों में सुबह से बिजली गुल रही। यहां के नागरिकों का कहना है कि इलाके में हल्की हवा चलते ही बिजली बंद हो जाती है, ट्रांसफार्मर की क्षमता लंबे समय से कम है और बार-बार फॉल्ट की शिकायतें भी की जाती रही हैं, लेकिन विभाग सिर्फ अस्थायी मरम्मत कर खानापूर्ति करता है।



शुक्रवार की सुबह पुलिस पेट्रोल पंप के सामने दुपहिया वाहन चालकों की लगी लंबी कतार।

## तड़के बादलों की गड़गड़ाहट से टूटी नींद, दिन भर रही उमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तड़के सुबह लोगों की नींद बादलों की तेज गर्जना के साथ खुली। करीब 20 मिनट तक गड़गड़ाहट होती रही और तेज आंधी चलने लगी, थोड़े ही देर में बारिश शुरू होते ही मौसम खुशगवार हो गया लोगों के लिए सुखद एहसास था लेकिन इस दौरान आंधी की चपेट में आने के कारण शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ धराशाही हो गए।

■ उमस ने किया हलाकान, पारा में आई कमी

शुक्रवार सुबह अचानक मौसम बदला और तेज आंधी चलने लगी और आसमान में तेज गर्जना होने लगी, जिससे लोगों की नींद टूट गई। इस दौरान झमाझम बारिश होने लगी जिसके लोगों को बारिश का मौसम याद आने लगा, लेकिन तेज हवाओं के कारण कई जगह पेड़ और डालियां गिर गई। जिसके चलते खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, वहीं करीब 10 बजे के बाद मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और धूप छाव का दौर शुरू हो गया, शाम तक आसमान में बादल छाए रहे लेकिन इस दौरान उमस ने लोगों को परेशान कर दिया। गर्मी कम होते ही उमस ने लोगों का पसीना निकाल दिया, हालांकि इस दौरान अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री दर्ज किया गया, वही जिले में औसत 5.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है।




शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के सामने भरा पानी।

## खबर संक्षेप

### निगम के 22 कर्मियों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**बिलासपुर**। नगर निगम के 22 प्लेसमेंट कर्मचारियों को डेढ़ साल बाद बड़ी राहत मिली है। निगम प्रशासन ने उनके अनुकंपा नियुक्ति आदेश दोबारा जारी कर दिए हैं। इन कर्मचारियों की नौकरी जनवरी 2023 में विवाद के चलते समाप्त हो गई थी। लंबे समय से अनिश्चितता और कानूनी लड़ाई झेल रहे इन परिवारों को इससे बड़ी राहत मिली है। यह मामला 10 जनवरी 2023 का है, जब तत्कालीन उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने निगम के 22 आश्रितों को चतुर्थ श्रेणी (भृत्य) पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे थे। यह कर्मचारी पहले से प्लेसमेंट पर कार्यरत थे, क्योंकि उनके पद स्वीकृत नहीं थे। नियुक्ति के बाद कर्मचारियों ने लगभग छह माह तक काम किया, लेकिन उन्हें वेतन नहीं मिला। बाद में यह सामने आया कि नियुक्ति से पहले शासन स्तर से आवश्यक अनुमति नहीं ली गई थी। प्रक्रिया में इस त्रुटि के कारण नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिए गए थे। इसके बाद प्रभावित कर्मचारियों ने इस आदेश को न्यायालय में चुनौती दी। शासन और निगम प्रशासन के बीच लगातार पत्राचार और प्रक्रिया सुधार की कार्रवाई चलती रही। अब शासन से आवश्यक अनुमति प्राप्त होने के बाद नगर निगम ने दोबारा नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं।

### रात में पोस्ट ऑफिस पहुंच रहे लोग, नाइट सेवाएं जारी

**बिलासपुर**। शहर के प्रधान डाकघर का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। 10 मई से इसे नाइट पोस्ट ऑफिस के रूप में शुरू किया गया है। पिछले कुछ दिनों में ही इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। अब शहरवासी ऑफिस की छुट्टी होने के बाद या शाम को टहलते हुए भी अपने जरूरी डाक कार्य निपटा रहे हैं। अब शहरवासी भारतीय डाक के जनउपयोगी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। 10 मई से लागू हुई इस व्यवस्था के बाद उन लोगों को सबसे ज्यादा राहत हुई है जो सुबह से शाम 5 बजे तक अपने दफ्तरों में व्यस्त रहते थे। अब ऐसे नागरिक शाम 5 बजे से रात 8 बजे के बीच इत्मीनान से स्पीड पोस्ट और आधार अपडेट जैसे काम करा रहे है। लोगों की संख्या भी अब बढ़ रही है। प्रधान डाकघर में अब देर शाम तक चहल पहल बनी रहती है।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की बैठक कल

**बिलासपुर**। कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की बैठक रविवार 17 मई सुबह 10 बजे से होगी। मंच के पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि उक्त बैठक के पूर्व लोखंडी तुर्काडीह रोड स्थित आशीर्वाद भवन में भगवान श्री परशुराम की महाआरती की जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय की अनुमति से आगामी माह के कार्यक्रम पर चर्चा की जाएगी।

### आईटीआई की प्रायोगिक परीक्षाएं 29 जून से

**बिलासपुर**। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षणार्थियों के लिए अखिल भारतीय व्यवसायिक प्रायोगिक परीक्षा 29 जून से 3 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा के लिए एकवर्षीय एंव द्विवर्षीय व्यवसाय के नियमित पात्र प्रशिक्षणार्थी अपनी संस्था में स्वयं उपस्थित होकर परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

पेट्रोल पंपों में शुरू हुआ कमीशन का खेल, पंप के कर्मचारी मांग के अनुरूप नहीं दे रहे तेल

# तीन हजार में 29 सौ का डीजल, सौ रूपए कमीशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेट्रोल व डीजल को लेकर पेट्रोल पंपों में एक नया खेल दिखाई देने लगा है। पंपों में वाहन चालकों को उनकी टैंक की फ्यूल कैपेसिटी व मांग के अनुसार पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जा रहा है। अगर मांग के अनुसार पेट्रोल-डीजल चाहिए तो डालने वाले को कमीशन देना होगा। बिलासपुर-तखतपुर रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप से ऐसी शिकायत प्राप्त हुई है।

शहर के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल भरवाने को लेकर उमड़ी वाहन चालकों की भीड़ का अब कई पेट्रोल पंपों में कार्यरत कर्मचारी लाभ उठाते नजर आ रहे हैं। बीते दिनों शहर से बाहर निकलते ही तखतपुर मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी के द्वारा वाहन चालक से तीन हजार का डीजल मांगने पर इतनी मात्रा में डीजल देने पर असमर्थता जाहिर की गई। इस दौरान पंप कर्मचारी ने वाहन चालक के सामने एक प्रस्ताव भी रखा कि अगर उसे तीन हजार का डीजल चाहिए तो उसे 29 सौ रूपए का डीजल दिया जाएगा। बचे हुए सौ रूपए वाहन चालक को कमीशन के रूप में पंप कर्मचारी को देने होंगे। इधर सौ रूपए कमीशन देने के बाद चालक को 29 सौ रूपए का डीजल दे दिया गया। पेट्रोल-डीजल भरवाने के दौरान कमीशनखोरी की शिकायत अन्य पेट्रोल पंपों से तो नहीं आई है, लेकिन मांग से कम पेट्रोल देने के कई मामले सुनाई दे रहे हैं। जिन वाहन चालकों द्वारा एक हजार का पेट्रोल मांगा जा रहा है, उन्हें पांच सौ रूपए का पेट्रोल देकर ही विदा कर दिया जा रहा है।



सरकण्डा पेट्रोल पंप में लगी रही भीड़।

### सुबह लगी कतार, शाम तक भीड़ हुई कम

पेट्रोल और डीजल के दामों में सुबह तीन - तीन रुपए की वृद्धि की गई, लोगों तक यह सूचना पहुंचती, इसके पहले ही पेट्रोल पंपों में फिर वाहनों की कतार लग गई। कई पेट्रोल पंपों के बाहर ट्रैफिक जाम होने लगा। लोग दोपहर तक पेट्रोल, डीजल के लिए भागमभाग करते रहे, लेकिन शाम होते होते पेट्रोल पंपों की भीड़ कम हो गई। रात तक कई पेट्रोल पंपों में स्थिति सामान्य हो गई।

### कंपनी के दावे और जमीनी हकीकत में अंतर

ऑयल कंपनियों के अनुसार ऐसा कोई भी आदेश जारी नहीं किया गया है, जिसमें वाहन चालकों को एक निर्धारित मात्रा में ही डीजल या पेट्रोल देने की बात लिखी गई है। इसके विपरीत बिलासपुर के अलावा रायपुर में भी गुरूवार को एक हजार का पेट्रोल मांगने पर पांच सौ रूपए का पेट्रोल ही देने के कई मामले सामने आए हैं। यह भी संभव है कि भारी गहमागहमी के बीच लाईन में लगे सारे वाहन चालकों को समान रूप से ईंधन उपलब्ध कराने पंप संचालकों द्वारा ऐसा किया जा रहा हो, लेकिन मामला संदेहास्पद है।

### कोई लिमिट तय नहीं

हमने वाहनों को एक निश्चित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल देने जैसी कोई लिमिट तय नहीं की है। वाहन के फ्यूल टैंक की क्षमता के हिसाब से वाहनों में पेट्रोल या डीजल भरवाया जा सकता है। इसमें कहीं कोई दिक्कत नहीं है।

**-नितिन चवान**
स्टेट लेवल कोआर्डिनेटर आईओसीएल

### शिकायत मिली तो कार्रवाई होगी

पेट्रोल-डीजल भरवाने के दौरान किसी भी पेट्रोल पंप पर कमीशनखोरी की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन अगर ऐसा हुआ है तो गलत है। शिकायत मिली तो कार्रवाई जरूर की जाएगी।

**-अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

घरों में डबल कनेक्शन, एक में खुद का खाना बन रहा, दूसरे से कमाई

# उज्जवला: एक हजार का सिलेंडर मिल रहा दो हजार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कई कनेक्शन होने का फायदा उठाते हुए लोगों ने अपनी ही गैस एजेंसी शुरू कर दी है। ज्यादातर घरों में अभी डबल गैस कनेक्शन हैं, जिसमें पहला सामान्य कनेक्शन, जो काफी सालों पहले लिया गया था। वहीं उज्जवला के रूप में दूसरा गैस कनेक्शन। घर के लिए भोजन बनाने एक ही सिलेंडर काफी है, जिससे दूसरे सिलेंडर का उपयोग व्यवसाइयों को दुगनी कीमतों पर बेचने के लिए किया जा रहा है।

शहर में घरेलू गैस की इन दिनों एकदम व्यवस्थित और नियमों के तहत कालाबाजारी चल रही है। उज्जवला योजना आने के पहले ही ज्यादातर घरों में गैस कनेक्शन की पहुंच हो चुकी थी। इधर सरकार द्वारा उज्जवला के नाम पर एक और गैस कनेक्शन जारी कर दिया गया। अपने पुराने घरेलू गैस सिलेंडर की रिफिलिंग उपभोक्ताओं द्वारा पहले भले ही नहीं कराई जाती रही होगी, लेकिन वर्तमान में एलपीजी की किल्लत की बात सामने आते ही लोगों ने अपने प्रत्येक कनेक्शनों पर सिलेंडर लेना शुरू कर दिया है। इस दौरान एक सिलेंडर वे अपने घरों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं दूसरे सिलेंडर की दो हजार रूपए में बिक्री कर दी जा रही है। हालत यह है कि सिलेंडर पूछते हुए व्यवसाइयों को उनके घरों तक नहीं पहुंचना पड़ रहा है। सिलेंडर बेचने वाले खुद संपर्क कर दुकानदारों तक सिलेंडर पहुंचा रहे हैं।



### 19 सौ का कमर्शियल सिलेंडर चार हजार में

19 किलोग्राम भरती वाले कमर्शियल सिलेंडर की वास्तविक कीमत वर्तमान में 19 सौ रूपए है, लेकिन इस ब्लैक में चार हजार रूपए तक में खरीदा जा रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक व्यवसायी ने बताया कि भले ही इमरजेंसी के लिए वे कमर्शियल सिलेंडर खरीदकर इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन कमर्शियल सिलेंडर काफी महंगा पड़ता है। अपनी अंतिम स्थिति में इस सिलेंडर से गैस ऊपर नहीं आती है, जिससे चूल्हे में आग की लौ एकदम कमजोर हो जाती है। ऐसे में सिलेंडर में गैस रहते भी इसे बदलना पड़ जाता है। इसके विपरीत घरेलू गैस सिलेंडर इस मामले में काफी अच्छा होता है। उसे अंत तक चलाया जा सकता है। कई बार तो अंतिम समय में उसे सुलाकर भी उपयोग में लाया जा सकता है।

### शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

अगर किसी उपभोक्ता ने अपने घरेलू इस्तेमाल के लिए एजेंसी में नंबर लगाकर नियमानुसार गैस सिलेंडर लिया है। उसके बाद वह उस सिलेंडर का उपयोग किस तरह से कर रहा है, यह उसका व्यक्तिगत मामला हो गया। इसी तरह कमर्शियल सिलेंडर तो केवल उन्हें ही दिए जाने के निर्देश हैं, जिन्होंने एजेंसी से नियमानुसार कनेक्शन लिया है। ऐसे में संभव है कि बगैर कनेक्शनधारी व्यवसायी ब्लैक में कमर्शियल सिलेंडर की खरीदी करते होंगे। दोनों ही मामलों में ब्लैक में खरीदी-बिक्री की अगर कोई शिकायत आई तो कार्रवाई जरूर की जाएगी।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

## जीआरपी ने नष्ट किया एक हजार किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीआरपी की टीम ने बिलासपुर और रायपुर में पकड़े गए आरोपियों से जब्त करीब 1 हजार किलो गांजा का नष्टीकरण किया है। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म और ट्रेनों में गांजा तस्करी करने वालों के खिलाफ आरपीएफ से ज्यादा कार्रवाई जीआरपी करती है।

एनडीपीएस का अधिकारी पहले जीआरपी को दिया गया था, जिसके बाद अब वर्तमान में आरपीएफ को भी यह अधिकार प्राप्त हो गया है। प्रतिवर्ष लोकल पुलिस की तरह जीआरपी की टीम भी जब्त किए गांजे का नष्टीकरण करती है। इसी तरह रेल पुलिस इकाई रायपुर के मार्गदर्शन में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत जब्त गांजा के नियमानुसार नष्टीकरण करने के लिए जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष रेल रायपुर के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, आबकारी के प्रभारी आयुक्त राजेश कुमार शर्मा हैं। उक्त समिति की उपस्थिति एवं निर्देश मिलने के बाद बिलासपुर और रायपुर में पकड़े गए 98 प्रकरणों में जब्त 915.472 किलोग्राम गांजा को जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड स्टील प्लांट में नष्टीकरण किया गया। इस कार्रवाई के दौरान उपपुलिस अधीक्षक रेल एसएन अख्तर, रक्षित निरीक्षक रामप्रसाद पैकरा व रायपुर, बिलासपुर के जीआरपी प्रभारी एवं स्टाफ मौजूद थे।

## बिल्डर से ठगी मामले में दलाल की अग्रिम जमानत खारिज

**बिलासपुर**। 5 करोड़ रूपए में जमीन का सौदा कर 50 लाख की ठगी करने के मामले में आरोपी दलाल प्रफुल्ल झा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। मामले के अनुसार बिल्डर राजेश हर्जपाल ने एक बुजुर्ग की जमीन को बेचने के लिए जमीन का करार किया। इस दौरान 19 हजार रूपए प्रति वर्गफीट से 4 करोड 94 लाख रूपए में सौदा तय किया गया। श्री हर्जपाल ने इसके लिए 50 लाख रूपए प्रफुल्ल झा को बयाना दे दिया। इस दौरान जमीन के सौदे में फर्जी बाड़ा मिलने पर श्री हर्जपाल ने प्रफुल्ल से अपना पैसा वापस मांगा, लेकिन प्रफुल्ल द्वारा दिया गया चेक बाउंस हो गया। पुलिस ने हर्जपाल की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया था। अपर सत्र न्यायाधीश व फास्टट्रैक कोर्ट ने अग्रिम जमानत को निरस्त कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा कोर कमेटी में शामिल होने पर अमर के समर्थकों में उत्साह



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल को छत्तीसगढ़ भाजपा कोर कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर बिलासपुर भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर प्रसन्नता व्यक्त की है। ज्ञात हो कि श्री अग्रवाल छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेताओं में गिने जाते हैं। शासन एवं संगठन दोनों स्तरों पर उन्हें लंबे समय का अनुभव प्राप्त है तथा विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल के राजनीतिक मार्गदर्शन में सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हुए श्री अग्रवाल अपने सरल, सौम्य एवं शालीन व्यक्तित्व के कारण जनता के बीच विशेष पहचान रखते हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा कोर कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर श्री अग्रवाल ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें समय-समय पर जो भी दायित्व सौंपा, उसका उन्होंने पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि पार्टी ने उन्हें पुनः महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है तथा वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### तोरवा में भोजली चौक व प्रतिमा स्थापित करने की मांग




**बिलासपुर।** भोजली महोत्सव समिति तोरवा के सदस्यों ने गुरुवार को विकास भवन में महापौर पूजा विधानी से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा एवं तोरवा में भोजली चौक एवं भोजली प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। समिति के सदस्यों ने ज्ञापन में बताया कि तोरवा गुंबर पेट्रोल पम्प धान मंडी चौक वार्ड 41 वर्तमान में धान मंडी चौक के रूप में जाना जाता है। प्रतिवर्ष सैकड़ों महिलाओं की टोली द्वारा भोजली व गौरा-गौरी विसर्जन भोजली घाट एवं छठ घाट तोरवा में किया जाता है। प्राचीन लोक कला संस्कृति पर्व भोजली को भोजली महोत्सव समिति के सदस्य आज भी हर साल भव्य आयोजन कर जीवंत बनाए रखा है। तोरवा में चौक-चौराहा व रोड को उन्नत चौड़ीकरण किया जा रहा है। तोरवा में भोजली चौक एवं भोजली माता स्वरूप की प्रतिमा स्थापित की जाए। भोजली महोत्सव समिति बिलासपुर के अध्यक्ष शंकर यादव ने बताया कि भोजली छत्तीसगढ़ की एक लोक संस्कृति पारंपरिक लोक पर्व है। इस आयोजन में हर साल विविध आयोजन किया जाता है। इसमें लोक कलाकारों को सामने आने का मौका मिलता है। ज्ञापन सौंपने वालों में शंकर यादव, घनश्याम रजक, चंदन यादव, हजारी सूर्यवंशी, नंदकिशोर यादव, सुनील भोई, नारायण श्रीवास, सुरेश दास मानिकपुरी, बृजभूषण सरवन, गोपाल यादव, अमित यादव सहित भोजली महोत्सव समिति के अन्य सदस्य शामिल रहे।

### यूटीडी परीक्षा टाइम टेबल में संशोधन की मांग को लेकर रजिस्ट्रार से मिले छात्र



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के यूटीडी के छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा टाइम टेबल में संशोधन की मांग को लेकर शुक्रवार को छात्रों ने रजिस्ट्रार तारणिश गौतम से मुलाकात की। छात्रों रजिस्ट्रार के समक्ष परीक्षा टाइम टेबल को लेकर अपनी समस्याएं बताई। छात्रों ने रजिस्ट्रार को बताया कि यूनिवर्सिटी द्वारा जारी टाइम टेबल के अनुसार यूटीडी की परीक्षाएं 1 जून से शुरू हो रही है जबकि वर्तमान में कई विभागों में तृतीय आंतरिक परीक्षाएं अभी शेष हैं। इसके साथ ही प्रेजेंटेशन, प्रैक्टिकल, थीसिस कार्य सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियां भी जारी है। इसी तरह कई विषयों का पाठ्यक्रम भी पूर्ण नहीं हुआ है। छात्रों का कहना है कि ऐसी स्थिति में परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा और अध्ययन अवकाश का समुचित लाभ भी विद्यार्थियों को नहीं मिल सकेगा, जिससे परीक्षा परिणाम प्रभावित होने की आशंका है। छात्रों ने मांग की कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए यूटीडी की परीक्षाओं को करीब 10 दिनों आगे बढ़ाया जाए। इसके साथ ही संबंधित विभागों को शेष शैक्षणिक कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देश जारी किया जाए। छात्रों ने यह भी मांग रखी है कि जून माह के चौथे सप्ताह में आयोजित होने वाली यूजीसी नेट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के कार्यक्रम को भी ध्यान में रखते हुए परीक्षा टाईम टेबल में परिवर्तन किया जाए। अंकुर अवस्थी सहित यूटीडी की छात्रों ने रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है। इस पर रजिस्ट्रार श्री गौतम ने आश्वासन दिया है कि इस विषय को विभागों की होने वाली संयुक्त बैठक में रखा जाएगा।

### एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला और कवि गोष्ठी का समापन




**बिलासपुर।** रेलवे भर्ती बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति बिलासपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं कवि गोष्ठी आयोजित की गई। प्रथम सत्र में प्रशासनिक शब्दावली विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे भर्ती बोर्ड बिलासपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। द्वितीय सत्र में आयोजित कवि गोष्ठी में जोन के महाप्रबंधक कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से आमंत्रित कर्मचारियों ने काव्य पाठ किया। इसके अतिरिक्त बिलासपुर, कोरबा, महासमुंद, दुर्ग एवं आसपास नगरों से साहित्यकारों ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संयोजन सुजेश कुमार शर्मा ने, कवि गोष्ठी का संचालन राकेश श्रीवास ने किया। मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक अरविंद कुमार मेश्राम ने कहा कि राजभाषा के प्रचार प्रसार हेतु महत्वपूर्ण कार्य निष्पादित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष पीयूष गुप्ता ने कहा कि कविता हृदय की भावना होती है।

---

**अभी तक केवल 60 प्रतिशत छात्रों की ही आईडी हुई जनरेट** | **इसलिए नहीं बन पा रही अपार आईडी, छात्रों के साथ पालक भटक रहे**

# 60 हजार से अधिक स्टूडेंट्स का आधार और यू-डाइस डेटा गायब

**बिलासपुर।** प्रदेश के 57 हजार स्कूलों में पढ़ने वाले 57 लाख से ज्यादा छात्रों की अपार आईडी बनाए जाने हैं, लेकिन साल भर बाद भी अब तक केवल 50 प्रतिशत छात्रों के भी अपार आईडी ही बन सकी हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच न होना है।

आधार कार्ड वैरिफाइ नहीं होने की वजह से अब तक 20 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों का अपार आईडी जनरेट नहीं हो सका है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह छात्रों के दस्तावेजों में नाम और उम्र में त्रुटि को लेकर बताई जा रही है। हाल यह है कि इस अपार आईडी बनाने में बिलासपुर जिला भी पिछड़ रहा है और अभी तक 60 हजार छात्रों की आईडी नहीं बन सकी है।

फिलहाल अपार कार्ड आईडी जनरेट कराने में यू-डाइस व स्कूल रिकॉर्ड मैच नहीं होने से स्टूडेंट्स व पालकों को आधार सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बिलासपुर जिले में ही 2540 स्कूलों के चार लाख 10 हजार 219 छात्रों की आईडी बनाई जानी है लेकिन अब तक तीन लाख 42 हजार 870 छात्रों का अपार आईडी बनी है। इसी तरह 2447 सरकारी स्कूलों के 5 लाख 39 हजार से ज्यादा छात्र हैं, जिनका अपार आईडी बनना है लेकिन 58 हजार छात्र इससे वंचित है।

### अपार आईडी का यह है फायदा

- फर्जी एजुकेशन डॉक्यूमेंट जैसे मामलों पर नकेल कसेगी
- एडमिशन के समय छात्रों का वेरीफिकेशन आसान हो जाएगा
- स्कॉलरशिप पाने के लिए क्रेडिट अकमुलेशन, क्रेडिट रिडेम्पटन, क्रेडिट ट्रांसफर इंटर्नशिप मिलेगा
- सर्टिफिकेशन, नौकरी के लिए आवेदन आदि काम काफी आसान हो जाएगा
- सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा बच्चों को मुहैया कराया जा सकेगा
- यह छात्रों का डिजी लॉकर होगा, जिसमें सभी डॉक्यूमेंट एक जगह सेव रहेगा
- ड्रॉपआउट छात्रों की ट्रैकिंग की जा सकेगी, यह उन्हें मुख्यधारा में लाने में मदद करेगा

**स्कूलों में कैंप भी नहीं लग रहे:** अधिकारियों के मुताबिक आईडी जनरेट होने में 10 मिनट का समय लगता है। रिकॉर्ड समान नहीं होने की स्थिति में आधार को अपडेट करवाना ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इसके साथ ही स्कूलों में यू-डाइस डाटा मैच नहीं होने की सबसे बड़ी वजह आधार कार्ड में गलतियों को ही बताया जा रहा है। ऐसे में कैफे संचालकों के पास जाने पर उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है। पालकों का कहना है कि अगर डेट ऑफ बर्थ गलत है और उसे सुधारना है तो कैफे संचालक पहले तो आधार को अपडेट करवाते हैं और बाद में डेट ऑफ बर्थ सुधारते हैं। ऐसे में एक महीने का समय तो ऐसे ही लग जाता है। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए स्कूलों में कैंप नहीं लगाए जाने की वजह से प्रभावित स्टूडेंट्स को आधार केंद्र जाकर अपना आधार अपडेट कराना पड़ रहा है।

### कई छात्रों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रक्रिया में कई तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि अपार आईडी कार्ड बनाने के लिए बच्चों का आधार कार्ड होना जरूरी है और इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं हो पा रहा है। इसके कारण छात्रों के स्थानांतरण में भी परेशानी हो रही है, क्योंकि एक स्कूल से दूसरे स्कूल में प्रवेश के समय उनका परमानेंट एजुकेशन नंबर (पेन) सक्रिय नहीं हो पाता।

### आधार कार्ड और यू-डाइस रिकार्ड नहीं हो रहा मैच

कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं हो पा रहा है। कई छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच नहीं हो पा रहा है।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

---

**भू-जल संरक्षण को बनाना होगा जनआंदोलन: सुशांत**

# स्टील के बर्तन में पानी तो पत्ते से निर्मित दोने में परोसा गया स्वल्पाहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में भू-जल संवर्धन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह शनिचरी बाजार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यशाला में नगरीय निकायों के अध्यक्ष, जिला पंचायत और जनपद सदस्य सहित 154 ग्रामों के सरपंच, सचिव, रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट, उप अभियंता, तकनीकी विशेषज्ञ, बिल्डर्स एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। पूरा कार्यक्रम जीरो वेस्ट याने शून्य अपशिष्ट की थीम पर आयोजित किया गया। जिसमें किसी भी प्रकार के प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग नहीं किया गया। सभी को स्टील के बर्तनों में पानी और स्वल्पाहार पत्ते से निर्मित दोना में परोसा गया। कचरे के लिए हरा, नीला,लाल और काला चार डस्टबिन रखा गया था और सभी कर्मचारियों,संगठनों तथा जनप्रतिनिधियों को प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने और गीला-सूखा कचरे के पृथककरण की भी जानकारी दी गई। बतौर मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि जल संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी को केवल अभियान नहीं बल्कि जनआंदोलन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि तेजी से घटते भू-जल स्तर और बढ़ती जल समस्या को देखते हुए अब प्रत्येक नागरिक को पानी बचाने के लिए जागरूक होना जरूरी है। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है,इसी प्रकार स्वच्छता भी आज और आने वाले बेहतर कल के लिए अति आवश्यक है, इसे जनभागीदारी से ही सफल बनाया जा सकता है।

■ जल बचाने और शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प



कार्यशाला को संबोधित करते विधायक सुशांत शुक्ला एवं मंच पर उपस्थित अतिथि।

### नई तकनीक को अपनाना होगा: कलेक्टर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि भू-जल का अत्यधिक दोहन होने से जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। भविष्य में जल संकट से बचने के लिए हमें जल संरक्षण के लिए हमारे गांव और शहर के हिसाब से नई तकनीक को अपनाना होगा। हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें एक दिशा में ठोस कार्य योजना बनाकर इसे क्रियान्वित करना होगा। तालाब, डबरी और वर्षा जल संचयन जैसी संरचनाओं को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता को भी समय की आवश्यकता बताते हुए लोगों से कचरे का पृथक्करण और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की।

### आने वाली पीढ़ियों के लिए काम करना होगा: एसएसपी

एसएसपी श्री रजनेश सिंह ने कहा कि जिस प्रकार चोर सामान चुरा लेता है, उसी तरह हम धरती का पानी लगातार खत्म कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए अभी से जल संरक्षण पर गंभीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने साइबर अपराधों से सतर्क रहने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा नशे से दूर रहने की अपील की। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भू-जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। वहीं नगर निगम के उपायुक्त खजांची कुमार ने कार्यशाला को जनजागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

---

**एजुकेशन प्लस**

## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्रों ने रचा इतिहास



**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल व्यापार विहार के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा 2025-26 में सभी संकायों में शानदार सफलता प्राप्त की। विद्यालय के 21 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की टॉपर राया खान ने विज्ञान संकाय में 97.8% अंक, मानविकी संकाय में अनुषा एक्का ने 97.6% तथा वाणिज्य संकाय में नताशा धमेचा ने 97% अंक अर्जित किए। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में ईवा ओशीन मसीह (96.6%), रविशंकर पांडेय (95.4%), नंदिता राठौर (94.8%), रोहित मटलानी (94.6%), अथर्व तिवारी (94%), सर्वस्व श्रीवास्तव (93.2%), देव प्रताप सिंह (93.2%), जागृति पटेल (92.4%), अक्षत टंडन (92.4%), अंजलि राजपूत (92.2%), अंश पंजवानी (91.6%), कुरेला ऋषिता (91.6%), लक्ष्य डिंडोरे (91.4%), प्रत्युष केशरवानी (91%), अर्शी जुनैद (90.8%), हिमांशु मांझी (89.8%), अक्षिता गुप्ता (89.6%) एवं मिमांसा चित्रकार (89.6%) शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जे. एस. हुंडल, सीएमडी डॉ. जी. एस. पटनायक, निर्देशिका लेखाश्री पटनायक, सीएफओ पी. वी. मिस्त्री, सीईओ ए. सामन्ताराय, दिव्याश्री पटनायक तथा सुप्रिया ए. पी. ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## जिले में जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान 18 से

**बिलासपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 18 मई से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान संचालित किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में अभियान के सफल संचालन, जनजागरूकता गतिविधियों एवं विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रमुख सचिव, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग सोनमणि वोरा द्वारा भी अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत जनजातीय समुदायों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, जनसुनवाई, शिकायत निवारण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का प्रभावी आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत विभिन्न शिविरों, जनसुनवाई कार्यक्रमों एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रमों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ्स निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।



## बिजली उपभोक्ता से नोंकझोंक आपरेटर को हटाने की मांग

**बिलासपुर।** बिजली उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बिल भुगतान के लिए जहां धूप में खड़े होकर लोग अपनी बारी का इंतजार करते है, वहीं एटीपी मशीन पर बैठा आपरेटर उपभोक्ताओं से बदत्तमीजी करने में आमादा है।

दरअसल बुधवार को कुछ बिजली उपभोक्ता बिल भुगतान के लिए इंदु चौक स्थित एटीपी मशीन पर गए। जहां आपरेटर बैठा हुआ था, लोगों ने लाइन में लग कर भुगतान करने के लिए पहुंचे ही थे लेकिन आपरेटर तुनकते हुए उन्हें उलटा सीधा कहने लगा। जिसका विरोध वहां उपस्थित उपभोक्ताओं ने भी किया। इसका विडियो भी वायरल हो रहा है। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत बिजली अधिकारियों से की लेकिन आपरेटर पर अबतक कार्रवाई नहीं हो सकी है। मामले में नेहरू नगर डिवीजन के ईई भरत भुषण नेताम ने कहा कि विडियो मिलने के बाद घटना की जानकारी ली जाएगी,उपभोक्ताओं के साथ की गई बदत्तमीजी स्वीकार नहीं की जाएगी। जांच में लापरवाही पाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## बीइंग एसेट्स कॉमर्स अकादमी में मना परिणाम उत्सव



**बिलासपुर।** शिक्षण संस्था बीइंग एसेट्स कॉमर्स अकादमी में विद्यार्थियों की उत्कृष्ट सफलता पर परिणाम उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता ने भी सहभागिता निभाई तथा बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व किया।

कार्यक्रम के दौरान सफल विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया गया। अकादमी परिसर विद्यार्थियों की प्रसन्नता, तालियों की गूंज एवं उत्सवमय वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। अभिभावकों ने अकादमी के शिक्षकों के समर्पण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि संस्था विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अकादमी के संचालक ने कहा कि परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं।

### एयू में कुलपति ने ली सशक्त नागरिक संकल्प बैठक

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में राष्ट्र निर्माण के लिए 'सशक्त नागरिक' संकल्प बैठक गुरुवार को कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया की अध्यक्षता में हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सशक्त नागरिक' के आह्वान को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से किया गया।

इस बैठक में कुलपति प्रो. पटेरिया ने राष्ट्रहित में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव अपनाने का आह्वान किया। इसमें आर्थिक जागरूकता देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सोना न खरीदने और अनावश्यक विदेश यात्राओं से परहेज करने का सुझाव दिया गया। पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कार, एक परिवार की अवधारणा को अपनाकर विश्वविद्यालय आवागमन करने की अपील की गई। कर्तव्य बोध देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें के मूल मंत्र के साथ सभी ने राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। बैठक में कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ. एचएस होता, डॉ. तारणीश गौतम, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल दुबे, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. वी कलाधर सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक और प्रशासनिक अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

---

**पीछे के छोटे दरवाजे से होता है आवागमन**

# सीयू प्रबंधन का 4 सालों से नहीं खुला प्रशासनिक भवन का मेनगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन इस कदर डर के साये में काम कर रहा है कि पिछले चार सालों से मुख्य दफ्तर प्रशासनिक भवन के मेनगेट पर बंद है और उस पर ताला लटक रहा है। यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स और छात्र संगठनों के घेराव के डर से यूनिवर्सिटी ने इस मेनगेट को एक तरह से स्थाई रूप से बंद करा दिया है और पीछे के छोटे से दरवाजा से आवागमन होता है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी का मुख्य आकर्षण का केन्द्र कभी प्रशासनिक भवन हुआ करता था, जहां कुलपति व रजिस्ट्रार के आफिस सहित परीक्षा, प्रशासन, फायनेंस, स्टोर शाखा आदि महत्वपूर्ण कार्यालय लगते हैं और अधिकारी-कर्मचारी वहां कार्य करते हैं। इसलिए प्रशासनिक भवन के सामने हाल से लेकर मेनगेट के पास हमेशा चहल-पहल रहा करती थी जो अब गायब है और प्रशासनिक भवन का हाल सुनसान सा नजर आता है। इसकी एक वजह यह भी है कि इस प्रशासनिक भवन के मेनगेट पर हमेशा ताला लटकते रहता है और यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा इस मेनगेट को एक तरह से स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। क्योंकि पिछले चार साल से प्रशासनिक भवन को मेनगेट बंद है, जबकि पहले इसी मेनगेट से अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का आना-जाना होता था। लेकिन अब यह गेट बंद रहता है और गेट के पास यूनिवर्सिटी के सिक्यूरिटी गाड्र्स तैनात रहते हैं।



### कुलपति, रजिस्ट्रार के लिए वीआईपी गेट

प्रशासनिक भवन में कुलपति और रजिस्ट्रार के लिए अलग से वीआईपी गेट है। कुलपति और रजिस्ट्रार की गाड़ी इसी वीआईपी गेट से प्रशासनिक भवन परिसर भीतर पहुंचती है और गाड़ी से उतरते ही सीधे कुलपति एवं रजिस्ट्रार का आफिस अगल-बगल पड़ता है। दूसरी तरफ प्रशासनिक भवन का मेनगेट बंद रहने से यूनिवर्सिटी के छात्रों में नाराजगी है, उनका कहना है कि जब कोई समस्या या विषय आता है तभी स्टूडेंट्स घेराव, प्रदर्शन करने प्रशासनिक भवन पहुंचते हैं। लेकिन घेराव के डर से प्रबंधन द्वारा हमेशा मेनगेट को बंद रखना गलत है। क्योंकि इस मेनगेट के बाद भी सुरक्षा के दृष्टि से दो चेनल गेट है। बावजूद इसके मेनगेट को स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं के लिए बंद रखा जाता है।

### दिव्यांगों के लिए बनाए गए दरवाजे से आना-जाना

प्रशासनिक भवन के हाल के पीछे की ओर से एक छोटा सा गेट बनाया गया है। असल में यह गेट यूनिवर्सिटी में किसी कार्य से आने वाले दिव्यांगों के लिए बनाया गया है, जिसमें रेम्प भी बना हुआ है। मेनगेट बंद रहने की स्थिति में अब इसी छोटे से गेट से सभी लोगों का आना-जाना होता है उस पर भी इस छोटे गेट पर सिक्यूरिटी गाड्र्स तैनात रहते हैं।

बिलासपुर, शनिवार 16 मई 2026

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



ॐ शं शनैश्चराय नमः

## सौभाग्य योग के साथ मनाया जाएगा पर्व

# वट-सावित्री पूजा आज, महिलाएं रखेंगी व्रत



### बन रहा विशेष योग

*इस दिन सौभाग्य और शोभन योग बन रहा है। शनि जयंती भी पड़ रही है, इसलिए इस पूजा का महत्व और बढ़ गया है। बरसाइत एक ऐसा व्रत है जिसे महिलाएं वट वृक्ष के नीचे ही जाकर करती हैं। इसके चलते इस दिन तालाबों के किनारे या मोहल्ले के वट वृक्ष के पास भीड़ देखी जा सकती है। वहीं इस व्रत के मद्देनजर शुक्रवार को फल, फूल बाजार भी गुलजार रहा। व्रती महिलाएं पूजा में चढ़ाने एवं दान-पुण्य करने सुहाग सामग्री की खरीददारी की।*

*वट सावित्री व्रत पूजा इस साल शनिवार 16 मई को ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाएगा। इस पूजा की सुहागिन महिलाओं ने तैयारी पूरी कर ली है। पूजा में प्रयुक्त होने वाली पूजन व सुहाग सामग्री की खरीददारी भी हो चुकी है।*

**बिलासपुर।** हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर वट सावित्री व्रत रखा जाता है। इस साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि की शुरुआत 16 मई सुबह 5:11 बजे से होगी और इसका समापन 17 मई रात 1:30 बजे पर होगा। उदया तिथि के अनुसार ही पर्व मान्य होता है, इसलिए वट सावित्री व्रत 16 मई को रखा जाएगा। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के लिए होता है।



इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, सफलता, सेहत और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखेंगी। माना जाता है कि इसके प्रभाव से रिश्तों में प्रेम-विश्वास और खुशियां आती है। वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है। वट-सावित्री का यह व्रत पति की लंबी आयु और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए रखा जाता है। इसके चलते इस पूजा का काफी महत्व होता है और इसे विधि-विधान से करने सप्ताह भर पहले से ही तैयारी शुरू कर दी जाती है। व्रती महिलाओं ने बताया कि इस व्रत में बरगद पेड़ की पूजा की जाएगी। फिर वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित कर कच्चा सूत लपेटकर 7 बार परिक्रमा की जाएगी। भीगे चने, फल, फूल और श्रृंगार का सामान अर्पित कर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनेंगी और पति का आशीर्वाद लेंगी।

# दुर्लभ संयोग के साथ आज मनाई जाएगी शनि जयंती

**बिलासपुर।** शहर सहित जिले भर के मंदिरों में शनि जयंती दुर्लभ संयोग के साथ मनाई जाएगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर मनाया जाने वाला शनि जन्मोत्सव इस वर्ष 16 मई शनिवार को पड़ रहा है। इस दिन लोग सुबह से मंदिर पहुंचने लगेंगे।

ज्योतिषियों के अनुसार शनि जयंती का शनिवार के दिन आना अत्यंत दुर्लभ संयोग माना जाता है। ऐसा योग लगभग 13 वर्षों बाद बना है। इसके साथ ही रेवती, रोहिणी, भरणी और कृत्तिका नक्षत्रों सहित कई शुभ योगों का संयोग पर्व के महत्व को और बढ़ा रहा है। शनि जयंती के उपलक्ष्य में चिल्हाटी स्थित शनि मंदिर को करीब डेढ़ क्विंटल फूलों से सजाया गया है। मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सजावट भी की जा गई है। शनि सेवा समिति के सेवक जयेंद्र गोले ने बताया कि सुबह 4 बजे भगवान शनि का 51 लीटर तेल से विशेष अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दिन भर श्रद्धालु तेल अर्पित कर अभिषेक करेंगे।अनुमान है कि दिन भर में करीब 1000 लीटर तेल भगवान को अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालु दीप प्रज्ज्वलित कर शनि देव की पूजा-अर्चना करेंगे। मंदिर परिसर में लगभग 3 क्विंटल खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके अलावा हरदेवलाल मंदिर, तिफरा काली मंदिर, कुदुदंड काली मंदिर, भैरव बाबा मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठान, हवन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है।

**फूलों से सजाया गया है मंदिर परिसर, तेल से होगा अभिषेक**

### आरती कर गाए जाएंगे भजन

राजकिशोर नगर स्थित शनि मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया गया है। यहां सुबह से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाएगा। शाम 4 बजे से विशेष पूजा, शनि आरती कर भजन-कीर्तन किया जाएगा।

**उपलब्धि**

# दर्द रहित दवा देने वाली स्मार्ट माइक्रोनीडल पैच तकनीक का किया आविष्कार



**बिलासपुर।** एनआईटी के युवा शोधकर्ताओं ने बायोमेडिकल तकनीक के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। संस्थान के शोधकर्ताओं को दर्द रहित और स्मार्ट तरीके से दवा पहुंचाने वाली दो आधुनिक माइक्रोनीडल पैच टेक्नोलॉजीज पर डिजाइन पेटेंट प्राप्त हुए हैं। यह उपलब्धि भविष्य की हेल्थकेयर तकनीक के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पहला पेटेंट पीवीए-बेस्ड माइक्रोनिडिल पैच के नाम से मिला है। इसे अनुराग अजगले और डॉ. चिन्मय महापात्रा ने विकसित किया है। यह पैच एक विशेष बायोडिग्रेडेबल और बायोकम्पैटिबल पॉलिमर से बनाया गया है, जो त्वचा के माध्यम से बिना दर्द के दवा पहुंचाने में सक्षम है। यह तकनीक दवा को धीरे-धीरे या जरूरत के अनुसार रिलीज कर सकती है, जिससे बार-बार इंजेक्शन लेने की आवश्यकता कम हो सकती है। इस प्रक्रिया में यह एक बेंडेज की तरह कार्य करेगी जो त्वचा से चिपकी रहेगी और धीरे-धीरे दवा को शरीर में पहुंचाने का कार्य करेगी।

### दवा को नियंत्रित तरीके से शरीर में पहुंचाने में सक्षम

इस तकनीक में हल्के इलेक्ट्रिक सिग्नल की मदद से दवा को नियंत्रित तरीके से शरीर में पहुंचाया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह तकनीक भविष्य में सुई रहित इलाज, वियरेबल हेल्थकेयर डिवाइसेस और पर्सनलाइज्ड मेडिसिन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि उनका उद्देश्य मरीजों के लिए इलाज को अधिक सुरक्षित, आरामदायक और प्रभावी बनाना है। एनआईटी की यह उपलब्धि न केवल संस्थान, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है।

# बच्चों को शुद्ध आहार, शुद्ध विचार की बताई गई महत्ता, कराया गया मेडिटेशन

*ब्रह्माकुमारीज प्रभु मिलन भवन में पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को मोबाइल की लत से आजादी, आंतरिक व्यक्तित्व के बारे में बता कर मेडिटेशन कराया गया। आत्मा, परमात्मा का सत्य परिचय देकर शुद्ध आहार, शुद्ध विचार पर प्रकाश डाला गया।*

**बिलासपुर।** कल्चर प्रोग्राम में बच्चों ने कविता, डांस पेश किया। फैंसी ड्रेस, पेंटिंग, ड्राइंग, गीत प्रतियोगिता में बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। आमंत्रित मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर क्षेत्रीय संचालिका रमा दीदी ने बताया कि वर्तमान समय में माता-पिता व्यस्तता के कारण बच्चों को महंगे खिलौने, फोन तो देते हैं पर अपना कीमती समय नहीं दे पाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के लिए माता-पिता का साथ किसी भी महंगे उपहार से बड़ा होता है। बच्चों को वस्तुओं की मांग नहीं बल्कि प्रेम और समय की अपेक्षा होती है। अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही निशा यादव ने कहा कि अपने लक्ष्य को अपना सपना बना लो तो हम जीवन में असफल कभी नहीं होंगे। रेंजर शांता बहन ने बताया कि परमात्मा को याद करने से हर कार्य सफल होते हैं। सेंटर प्रभारी ऊषा दीदी ने कहा कि यदि बच्चे अपने जीवन में सफल होना चाहते हैं तो मां-बाप को बच्चों के लिए समय निकालना पड़ेगा। परिवर्तन करना पड़ेगा, तब बच्चे जीवन में आगे बढ़ेंगे। बच्चे वह नहीं करते जो हम उन्हें सिखाते हैं बल्कि वह करते हैं जो हमें करते हुए देखते हैं यदि हम चाहते हैं कि बच्चे मोबाइल कम उपयोग करें या बड़ों का सम्मान करें तो पहले हमें स्वयं के आचरण में वह बदलाव लाना होगा। निकिता बहन, जीवन भैया, सोनिया बहन, वंदना बहन ने सभी बच्चों को सर्टिफिकेट और गिफ्ट दिया। मंच संचालन पूजा बहन ने किया।

**प्रभु मिलन भवन में समर कैंप का आयोजन**



**सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन**

# जागरूकता का दिख रहा है असर आगे आ रहीं किशोरियां

**बिलासपुर।** सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षा के लिए एचपीवी वैक्सीन का अभियान अब गति पकड़ने लगा है। स्वास्थ्य विभाग की जागरूकता का असर दिखने लगा है। किशोरियां अब स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुंच कर वैक्सीन लगवा रही हैं।

भावी पीढ़ियों की बेटियों को गंभीर बीमारी छुटकारा दिलाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा वैक्सीन लगाई जा रही है, जिससे 14 वर्ष की किशोरियों को सुरक्षा कवच मिल रहा है। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण ऑनलाइन सेल्फ रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। अभिभावक एवं पात्र किशोरियां घर बैठे यू-विन पोर्टल के जरिए पंजीकरण करा सकती है। उन्होनें कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से बढ़ रही गंभीर बीमारियों में शामिल है, लेकिन समय पर एचपीवी वैक्सीन लगाकर इससे बचा जा सकता है। उन्होंने कि किशोरियां प्राथमिकता से समय में टीकाकरण कराएं।



### एचपीवी वैक्सीन की जरूरत क्यों

एचपीवी यानी ह्यूमन पैपिलोमावायरस एक सामान्य वायरस है, जो संक्रमण के माध्यम से फैलता है। एचपीवी के कुछ प्रकार महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण बनते हैं। संक्रमण कई बार लंबे समय तक लक्षण के शरीर में मौजूद रहता है इसलिए बीमारी का पता देर से चलता है। किशोरावस्था में लगा वैक्सीन प्रतिरोधक क्षमता विकसित करता है। यही कारण है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए इसका टीका लगाया गया है।

**उपलब्ध विभिन्न विकल्पों से भी राया गया अवगत**

# कॅरियर चौपाल बना विद्यार्थियों को दिशा देने का मंच



**बिलासपुर।** इनायाह इंडिया फाउंडेशन ने पं. देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में "करियर चौपाल" कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 2 सौ से अधिक विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ उत्साह से शामिल हुए। विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न कॅरियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही कॅरियर मार्गदर्शन देना, उनकी उलझनों को दूर करना, उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान समझाया गया कि कॅरियर का चुनाव केवल भीड़ को देखकर नहीं, बल्कि अपनी रुचि, क्षमता और सही मार्गदर्शन के आधार पर करना चाहिए। इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। दो विशेष सम्मान टेरिटोरियल आर्मी में चयन होने पर अभिषेक कच्छी एवं नायाब-उल-मलिक को प्रदान किया गया। इनका अर्ली ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्शन विषय पर शोध पत्र चीन के प्रतिष्ठित जर्नल में प्रकाशित हुआ है। कॅरियर गाइडेंस सत्र में विशेषज्ञ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अलग-अलग क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराया।

### इनकी रही उपस्थिति

अतिथि के रूप में शेख ज़ाकिर हुसैन उप महाप्रबंधक एसईसीएल, आलोक जायसवाल डिप्टी कमिश्नर जीएसटी विभाग, अजय श्रीवास्तव चेयरमैन आधारशिला ग्रुप, सैयद फाजिल अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल ट्रेनर, हरी राम पटेल लेखक, डॉ राहुल अग्रवाल सिम्स, डॉ. एन.के. चौरे डीन कृषि महाविद्यालय, अलीम अंसारी, संस्था के निदेशक मिर्जा आजम, मुकेश, विकास, जेरॉल्ड थॉमस सिंह, नवेद हसन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**वार्षिकोत्सव**

# श्री सर्वेश्वरी समूह में श्रमदान कर की अघोराचार्य के विग्रह की आरती

**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी कोनी में पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम महाविभूति स्थल चरण पादुका एवं शिवलिंग स्थापना का दो दिवसीय तृतीय वार्षिकोत्सवशुक्रवार को श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है।



वार्षिकोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को सुबह साढ़े 5 बजे आश्रम में श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। इसके बाद 7 बजे मंदिर में पूज्य अघोराचार्य महाराजश्री के विग्रह की आरती की गई। अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर पूजा, आरती कर अष्टयाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। दूसरे दिन शनिवार 16 मई को सुबह 7 बजे अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर पूजा व आरती के साथ अष्टयाम संकीर्तन का समापन किया जाएगा। सफलयोनि का पाठ कर लघु गोष्ठी आयोजित की जाएगी। वार्षिकोत्सव में भाग लेने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश भर से भक्तजन आए हुए हैं।

- सर्वेश्वरी समूह में शिवलिंग स्थापना का मनाया जा रहा वार्षिकोत्सव

**कार्नर न्यूज**

## कपिल नगर सरकंडा में चल रहा बाल संस्कार समर कैंप

# बच्चों को दी जा रही वैदिक संस्कार, जीवन कौशल की शिक्षा

**बिलासपुर।** ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा इस वर्ष बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शुक्रवार से छह दिवसीय बाल संस्कार समर कैंप का आयोजन गीता पैलेस कपिल नगर सरकंडा में किया गया है। इसमें बच्चों को वैदिक संस्कारों और जीवन कौशल की शिक्षा दी जा रही है।



प्रतिदिन प्रातः 8 से साढ़े 12 बजे तक चलने वाले इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को वैदिक ज्ञान, संस्कार, रचनात्मकता और आत्मविश्वास से जोड़ना है। कैंप में एक्टीविटी बेस्ड मेथड के माध्यम से बच्चों को मनोरंजक एवं प्रेरणादायक अनुभव प्रदान किया जा रहा है। वहीं संस्कार शिक्षा, आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट, कीर्तन, जुम्बा, लाइफ स्किल्स तथा टैलेंट शो जैसी विभिन्न रोचक गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है। आयोजकों के अनुसार इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में संस्कार, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास किया जाएगा। क्लासेस ब्रज गोपिका धाम से आईं प्रियदासी दीदी अवाम श्रद्धा दीदी द्वारा ली जा रही है। बच्चों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। पहले दिन ही बच्चों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। संस्था ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों को इस संस्कारमय और ज्ञानवर्धक समर कैंप का हिस्सा बनाएं।



**सभी प्रतिभागियों को देंगे उपहार:** इस विशेष समर कैंप में 5 से 10 वर्ष एवं 11 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले रहे हैं।विशेष बात यह है कि प्रत्येक प्रतिभागियो को उपहार प्रदान किया जाएगा तथा अभिभावकों के लिए भी विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिससे परिवार और बच्चों के बीच सकारात्मक संबंधों को मजबूत किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को दी गई चेस क्लॉक के नियम की जानकारी



**मुंगेली।** जिला शतरंज संघ की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर 2026 का आज 15वां दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर स्थानीय आगर हाईस्कूल दाऊपारा में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के 15वें दिन कुल 16 बच्चों ने भाग लिया, इस दौरान प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़यों को चेस क्लॉक के नियम से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक निर्धारित है।

### बहुरता में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**तखतपुर।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 17 से 25 में मई तक मा चंडी देवी मंदिर बहुरता में किया गया है। इसमें कथावाचक पंडित प्रकाश पांडे, आचार्य पंडित अंकित गौरहा, मुख्य यजमान सरस्वती सोनू साहू है। आयोजन की तैयारी में सीमा राजकुमार पांडे, गणेश, निर्मला, पूनम साहू, हीरा सिंह, पुष्पा सिंह, कृष्ण कुमार पांडे, शेषनारायण पांडे सहित अन्य जुटे हुए हैं। कथा समय दोपहर 3 बजे से शुरू होगी।

### जूनियर रैंकिंग शतरंज चैम्पियनशिप कल

**मुंगेली।** जिला शतरंज संघ की ओर से जिला जूनियर रैंकिंग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 17 मई रविवार को आगर हाई स्कूल में सुबह 9.30 बजे से किया जा रहा है।स्पर्धा के अंतर्गत 19 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिका प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नगद, विजेता ट्रॉफी पुरस्कार, प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## निधन

### महेश उके

**बिलासपुर।** डॉ. अम्बेडकर नगर मगरपारा निवासी महेश उके का 14 मई को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 15 मई को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे श्याम सुन्दर उके (पावले ) न्यूज़ पेपर एजेंट के पुत्र, रमेश, धर्मेश और रत्नेश, अरुणा, अर्चना के भाई थे।



### चंदीराम वाधवानी

**बिलासपुर।** शुक्ला लकड़ी टाल के पास तोरवा निवासी चंदीराम वाधवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 मई को सुबह 10 बजे तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. वाधुमल वाधवानी के सुपुत्र एवं अजय वाधवानी पिता थे।



### अनिल दान

**बिलासपुर।** तारबाहर इंदिरा कालोनी निवासी अनिल दान का 15 मई को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 16 मई को प्रभु वाटिका सिंधी कालोनी कब्रिस्तान में शाम 4 बजे किया जाएगा।



## पथरिया बैराज के लिए 56 करोड़ स्वीकृत

# सुशासन तिहार योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का उत्सवः धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर पंचायत पथरिया में सुशाशन तिहार के अंतर्गत संतुष्टि शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे शासन के 36 विभागों ने स्टाल लगाकर संबंधित मांग, शिकायत और समस्याओं का आवेदन स्वीकार किया। शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने की। स्वागत भाषण में नगर पंचायत सीएमओ अनुराधा राजमणि ने बताया कि, नगर के विभिन्न वार्ड में शिविर लगाकर नागरिकों से संवाद किया गया और उनकी मांगों, शिकायतों और समस्याओं का निराकरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि, नगर पंचायत में हुए विकास कार्यों की लिए विधायक के अनुशंषा पर एक करोड़ से भी अधिक के कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिससे आने वाले समय मे नगर विकसित और सुसज्जित दिखेगा। उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने नगर विकास के साथ साथ जनकल्याण के योजनाओ के सफल क्रियान्वयन के लिए नगर के अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्री कौशिक के मगर्दर्शन में नगर को नगरीय सुविधाओं से परिपूर्ण करने की बात कही।

मुख्य अतिथ्य धरमलाल कौशिक ने कहा कि, सुशासन तिहार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और



राज्य की साय सरकार के जनकल्याण और विकास के योजनाओ के सफल क्रियान्यवन के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है, जिसमे तपती दोपहर में पार्षद से लेकर मुख्यमंत्री और पटवारी से लेकर मुख्यसचिव तक गांव-गांव जनता के पास जाकर मांग, समस्या और शिकायत सुन रहे हैं। यही प्रधान सेवक की सरकार है। धरमलाल कौशिक ने कहा कि, आप के आशीर्वाद से पहली बार विधायक बनकर आया तो यह क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा था। मैंने जनता के आशीर्वाद से पथरिया सरगांव, पथरिया-मुंगेली, पथरिया-तखतपुर मार्ग को पक्का कराया, जिससे नगर शहरों से जुड़ा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को नगर से जुड़ने वैकल्पिक सड़कों का भी निर्माण हुआ है।

शिविर में जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, पथरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, पूर्व नपं अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा, भाजपा नेता निशचल गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, सभापति मेलाराम डडसेना, मोनिका ओमू दिवान, इंद्रजीत यादव, गणेश सोनी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री राजेन्द्र साहू, महामंत्री बलराम जायसवाल, प्रमोद साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष रविन्द्र बघेल, पार्षद देवेंद्र डनसेना, रघुनन्दन करमाकर, राजेन्द्र निर्मलकर सहित समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मल्हार में पार्षद ने रखी परिषद भंग करने की मांग

**मल्हार।** सुशासन तिहार शिविर में निर्दलीय वार्ड पार्षद ने नगर पंचायत मल्हार के वर्तमान परिषद को ही भंग करने की मांग कर दी, जो नगर में चर्चा का विषय बन गया। दरअसल वार्ड 8 के पार्षद पीयूष पाटले शुरू ही से नगर विकास को लेकर अपनी बात बेबाकी से रखते हैं। पिछले डेढ़ वर्षों से जनप्रतिनिधियों की आपसी खींचतान से विकास के काम पूरी तरह प्रभावित है, विकास के काम तो दूर मूलभूत सुविधाएं भी नगरवासियों को उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिससे नगर की जनता भी आक्रोशित है। शुक्रवार को पुलिस चौकी के पास सरकारी स्कूल में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जो नगर के वार्ड 6 से 10 तक के लोगों को अपनी विभिन्न मांगों व शिकायत के लिए आवेदन देना था, शिविर में कई तरह की मांगों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए गए। इन सबके बीच निर्दलीय पार्षद पीयूष पाटले ने अपने आवेदन में मांग रखी कि, विगत डेढ़ वर्षों से नगर पंचायत मल्हार में कोई भी विकास के काम नहीं हुआ, जो यहां के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियो पर प्रश्न चिन्ह है। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधि



जिम्मेदार हैं, इसलिए परिषद को भंग कर दिया जाए, जिससे सभी को सबक मिलेगा। मूलभूत सुविधाओं का अभाव- नगर में बिजली, सड़क, पानी, सफाई व अन्य आवश्यक जरूरतों की पूर्ति नहीं होने से नगरवासियों में लंबे समय से नाराजगी है। वर्तमान में भीषण गर्मी के बीच कई मोहल्लों में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है, इसी तरह कई वार्डों की सड़क बुरी तरह जर्जर है, वहीं लोकल खराबी से बिजली की आपूर्ति भी ठीक तरह से नहीं हो रही है। साथ ही वार्डों की सफाई भी नियमित नहीं हो रही, इसके अलावा अन्य वजहों से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# उसाढ़ में लगा शिविर, 711 आवेदन मिले



**मरवाही।** जनपद पंचायत मरवाही के अंतर्गत ग्राम पंचायत उसाढ़ में बुधवार को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बगरार, बरौर, बेलझिरिया, चनाडोगरी, चंगेरी, चिचगोहना, धनोरा, धुम्मा टोला, कछार, कटरा, मनोरा, परासी, तेंदूमुड़ा, टिकठी, पोंडी, करहनी, उसाढ़ सहित 17 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों से विभिन्न मांगों, समस्याओं एवं शिकायत संबंधित कुल 711 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 116 आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण किया गया, शेष आवेदन पत्रों के निराकरण की प्रक्रिया में रखा गया।

कलेक्टर संतोष कुमार देवांगन ने विभागवार अधिकारियों और आवेदकों को मंच के पास बुलाकर प्राप्त आवेदन पत्रों पर की गई कार्रवाई की जानकारी बताने को कहा। उन्होंने बरौर और कटरा के ग्रामवासियों द्वारा पेयजल की समस्या से अवगत कराया जाने पर ग्राम कटरा के मोहल्ला टूरी झिरिया एवं ग्राम बरौर के पुराना बाजार मोहल्ला कंवर पारा मां चतुर्भुजी मंदिर के पीछे नवीन हैंड पंप की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। शिविर में अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश मिश्रा, जिला पंचायत सभापति बूंद कुंवर मास्को, जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी खुसरो, बीईओ संजय वर्मा, डॉ हर्षवर्धन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मुंगेली अंतर्गत ग्राम नवागांव चि. में सुशासन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पंचायतों को दी सौगात- कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने ग्रामीणों को से कहा कि, जिला प्रशासन की पूरी टीम गांव में पहुंची है, इसलिए आमजन शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं और शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने ग्रामीणों से विद्युत सुविधा का बेहतर उपयोग करने, सड़क सुरक्षा




नियमों का पालन करने तथा शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने कहा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और पटवारियों को शासन की जमीन को अतिक्रमण एवं बेजा कब्जे से बचाने के लिए अतिक्रमण पंजी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ कार्य करें तथा नक्शा बटांकन सहित अन्य लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में पूर्ण करें। सुशासन शिविर में जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जपं सदस्य ने किया 3.60 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**मल्हार।** मस्तूरी जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसेनी एवं ग्राम पंचायत मटिया में जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। 15वें वित्त एवं जनपद निधि से लगभग 3.60 लाख रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसेनी में 2 लाख की लागत से पचरी निर्माण व ग्राम पंचायत मटिया स्कूल प्रांगण में 1.60 लाख के अहाता निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनपद सदस्य ने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है तथा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, इन निर्माण कार्यों से गांवों में सुविधा और सुरक्षा दोनों मजबूत होंगी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि नारायण सोलडे, उपसरपंच राधेश्याम निषाद, पंच सेवाराम, जगदीश निषाद, लक्ष्मी प्रसाद मरावी, राजकुमार निषाद, काशीराम कश्यप, कया राम निषाद एवं सिदेशी राम केवट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्टेशन के आधुनिकीकरण कार्य में लापरवाही

## मुख्य टेलीफोन केबल लाइन के ऊपर पक्की नाली का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे आधुनिकीकरण कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आई है। स्टेशन परिसर में ठेकेदार एजेंसी द्वारा रेलवे की मुख्य टेलीफोन केबल लाइन के ऊपर पक्की नाली का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में रेलवे संचार तंत्र प्रभावित होने की आशंका है। यह निर्माण कार्य रेलवे स्टेशन के अंदर प्रवेश के लिए बनाए गए वैकल्पिक द्वार के सामने रेलवे पार्किंग क्षेत्र में हो रहा है। नाली निर्माण के लिए खोदे गए गहरे गड्ढों में रेलवे की मुख्य टेलीफोन केबल लाइन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जिसके ऊपर ही पक्की नाली बनाई जा रही है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह महत्वपूर्ण केबल लाइन बिलासपुर रेलवे जोन के कंट्रोल रूम को पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन के रिपीटर रूम से जोड़ती है। इसका कनेक्शन अनुपपुर जंक्शन और चिरमिरी सहित अन्य रेलवे स्टेशनों से भी है।



इसके बावजूद ठेकेदार एजेंसी इस संवेदनशील लाइन के ऊपर लोहे का सरिया डालकर नाली का निर्माण कर रही है।

इस निर्माण कार्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि, रेलवे विभाग के किस इंजीनियर ने इतनी महत्वपूर्ण संचार लाइन के ऊपर नाली निर्माण का ले-आउट तैयार किया और इसकी अनुमति दी। विशेषज्ञों का कहना है कि, यदि भविष्य में यह केबल लाइन क्षतिग्रस्त होती है, तो मरम्मत के लिए पूरी नाली को तोड़ना पड़ेगा। इससे सरकारी धन की बर्बादी होगी और रेलवे की संचार व्यवस्था भी बाधित हो सकती है। इस संबंध में जब निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने मामले की जानकारी होने से इनकार किया। अधिकारियों ने जांच कराने का आश्वासन देते हुए दिखवाने की बात कही।

# 40 पाव शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सेतगंगा-मुंगेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में 'ऑपरेशन बाज' के तहत फास्टरपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपी से नकद बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन बाज ते तहत जिले में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सायबर सेल व थाना फास्टरपुर पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना फास्टरपुर क्षेत्रंतर्गत 14 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम बीजाताराई निवासी धनकुमार उर्फ धनराम बर्मन अपने घर के बाहर अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदेही धनकुमार को धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपी धनकुमार के कब्जे से एक पुरानी सफेद रंग की बोरी के अंदर रखी 33



पाव देशी प्लेन मदिरा एवं 7 पाव मसाला मदिरा कुल 40 पाव शराब लीटर कीमती लगभग 3 हजार 340 रुपए व ब्रिकी रकम 700 रूपए को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी धनकुमार उर्फ धनाराम बर्मन पिता धनीराम उम्र 43 वर्ष निवासी बीजाताराई थाना फास्टरपुर सेतगंगा के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

## मछली मारने गए युवक की लाश तालाब में मिलने से मचा हड़कंप

**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी के तालाब में माछली मारने गए युवक की पानी मे डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार डिंडोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साल्हेघोरी में तालाब में मछली मारने गए युवक की लाश मिलने की सूचना रिपोर्ट डिंडोरी चौकी में दी गई। चौकी प्रभारी मनकराम ध्रुव ने बताया कि 14 मई को सुबह 9.30 बजे ग्राम साल्हेघोरी के तालाब में देवचंद पिता राजकुमार निषाद 17 वर्ष अपने रिश्तेदारों के साथ मछली मारने गए थे,इसी दौरान सभी माछली आखेट करने मशगुल रहे। इधर सभी रिश्तेदार घर पहुंचे लेकिन देवचंद नहीं पहुंचा। आस पड़ोस में भी नहीं मिलने पर वे तालाब के पास जाकर देखे तो मृतक का कपड़ा वही तालाब किनारे पढ़ा था। घटना को समझने में देरी नही लगी और मृतक के भाई ने तालाब में गोता लगाकर लाश को बाहर निकलकर चौकी में सूचित किया। पुलिस ने घटना स्थल पहुँचकर लाश का पंचनामा कर पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया।



# कलेक्टर ने ली पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक

## कालाबाजारी व अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक लेकर पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता और वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा किसी भी प्रकार की कमी नहीं है।

उन्होंने आमजनों से किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि, किसान भाई अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रतिदिन ईंधन लें और अनावश्यक भंडारण से बचें। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि, आम उपभोक्ताओं को सुगमता से ईंधन उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन द्वारा जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और स्थिति की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि, कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि, जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है तथा आमजनों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग किए जाने की जानकारी दी गई। आवश्यकता अनुसार कार्यपालिक दण्डाधिकारी, फूड इंस्पेक्टर एवं पुलिस बल की ड्यूटी भी लगाई गई है। साथ ही सभी पेट्रोल पंपों में आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं फूड इंस्पेक्टर के संपर्क नंबर चस्पा किया गया है, ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में नागरिक तत्काल अधिकारियों से संपर्क कर सकें। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित संबंधित अधिकारी और जिले के पेट्रोल पंप संचालक मौजूद रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र......... ब- 121/2024-25
मौजा ........ प.ह.नं. ........

एतद् द्वारा ग्राम पठारीकापा के सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरूण शुक्ला पति/ पिता श्री कालिका जाति ब्रा. साकिन पठारीकापा तहसील लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम पठारीकापा प.ह.नं. 21 तहसील लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.) निवासी द्वारा अपने पुत्र/ पुत्री/ भाई/बहन/स्वयं आदित्य के ई.डब्ल्यू.एस. (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/ आपत्ति वह स्वयं/ अभिभावक/ प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 25.05.2026 समय प्रात: 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय लालपुर थाना में दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**लालपुर, थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर**
**जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:-** जिला- **बिलासपुर** तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00040 **तिफरा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT2025264001 08600249

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम तिफरा के वर्तमान भूमिस्वामी आतिश लाल **पिता/पति-अनिल कुमार लाल पता, सुषमा आशिमा पिता/पति-सुनील कुमार पता, दीपक कुमार लाल देवेंन कुमार लाल पिता/पति-सुनील कुमार पता, अंकिता आकृति पिता/पति-नूतन लाल पता-** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 647/2(0.0560) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अंकिता आकृति पिता/पति-**नूतन लाल पता-जरहाभाठा इंदू चौक बिलासपुर छग, दीपक कुमार लाल देवेंन कुमार लाल सुषमा आशिमा पिता/पति-सुनील कुमार पता-जरहाभाठा इंदू चौक बिलासपुर छग,** आतिश लाल पिता/पति-अनिल कुमार लाल पता-जरहाभाठा इंदू चौक बिलासपुर छग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **04/06/2026** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर** जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **12/05/2026** को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**Prakash Chand Sahu**
**तहसील - बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर**
**जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:-** जिला-**बिलासपुर** तहसील-**बिलासपुर** प.ह.न.-00040 तिफरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526400 108600253

**ईश्तहार**

तहसील **बिलासपुर** के **प.ह.न. 00040** के अंतर्गत ग्राम **तिफरा** के वर्तमान भूमिस्वामी **सुषमा आशिमा पिता/पति-सुनील कुमार पता दीपक कुमार लाल देवेन कुमार लाल पिता/पति-सुनील कुमार पता अंकिता आकृति पिता/पति-नूतन लाल पता,** आतिश लाल पिता/पति-अनिल कुमार लाल पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 648/1(0.3690) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **अंकिता आकृति पिता/पति-नूतन लाल पता-जरहाभाठा इंदू चौक बिलासपुर छग, आतिश लाल पिता/पति-अनिल कुमार लाल पता-जरहाभाठा इंदू चौक बिलासपुर छग, दीपक कुमार लाल देवेन कुमार लाल सुषमा आशिमा पिता/पति-सुनील कुमार पता-जरहाभाठा इंदू चौक बिलासपुर छग** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **14/05/2026** को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**Prakash Chand Sahu**
**तहसील - बिलासपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2026, बिलासपुर, दिनांक 11.05.2026

आवेदक श्री शशांक श्रीवास्तव आ. देवेन्द्र श्रीवास्तव, उम्र 34 वर्ष निवासी परमहंस वार्ड, मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी प्रिया बक्शी आ. आनंद बक्शी, उम्र 30 वर्ष, निवासी मकान नंबर 304, ओम गार्डन्स, पारिजात कॉलोनी, गजानंद मंदिर, नेहरू नगर, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 15.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



शशांक श्रीवास्तव



प्रिया बक्शी

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**न्यायालय श्रीमान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी- माननीय श्रीमती आकांक्षा सक्सेना)
आदेश 05 नियम 20 व्य.प्र.सं.
**पेपर प्रकाशन हेतु ईश्तहार**

प्रोसेस क्रमांक- 141/26
प्रकरण क्रमांक-09/2026
पेशी दिनांक- 19.06.2020

बृहस्पति कौशिक पति पुसऊ कौशिक निवासी ग्राम अचानकपुर थाना चकरभाठा जिला बिलासपुर छ.ग........**आवेदिका**

**विरुद्ध**

प्रति,
1. सुष्मिता कौशिक पति स्व. रामअवतार कौशिक हाल मुकाम डी.एल.एस. कॉलेज के पास अटल आवास बिलासपुर जिला बिलासपुर 2. सुरेन्द्र कश्यप पिता बखारी कश्यप 3. सुकृति कश्यप पति सुरेन्द्र कश्यप 4. गोपी कश्यप पिता सुरेन्द्र कश्यप 5. बखारी कश्यप पिता सुरेन्द्र कश्यप अनावेदक क्रमांक 02 से 05 सभी निवासी ध्रुवाकारी थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर 6. अमिता कश्यप पति राजेश निवासी चिंगराजपारा जिला बिलासपुर (छ.ग.........**अनावेदकगण**

आवेदिका बृहस्पति कौशिक ने इस न्यायालय में आपके विरुद्ध घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत वाद पेश किया है प्रस्तुत वाद से अनावेदकगणों की इस न्यायालय में उपस्थिति हेतु रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से समंस तामील हेतु जारी किए जा रहे थे किंतु अनावेदकगण समंस प्राप्त करने से बचते रहे हैं। माननीय न्यायालय के आदेश दिनाक 12/5/2.6. के अनुसार अनावेदकगण क्र. 1. सुष्मिता कौशिक पति स्व. रामअवतार कौशिक हाल मुकाम डी.एल.एस. कॉलेज के पास अटल आवास बिलासपुर जिला बिलासपुर 6. अमिता कश्यप पति राजेश निवासी चिंगराजपारा जिला बिलासपुर छ.ग. के विरुद्ध समस की तामील समाचार पत्र प्रकाशन के माध्यम से की जानें की अनुमति प्रदान की गई है।

अत: सभी अनावेदकगण को सुचित किया जाता है की वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि 19.06.2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। यदि निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होते हैं तो प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

दिनांक - 8/5/26
स्थान - बिल्हा

**(श्रीमती आकांक्षा सक्सेना)**
**श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**जिला-बिलासपुर छ.ग.**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



## खबर संक्षेप

### पाएम मोदी की अपील पर कार्यकर्ताओं ने अपनाई साइकिल

**तखतपुर।** भाजपा के दो बार के निर्वाचित पूर्व पार्षद और बस ट्रेवल्र्स के संचालक माधो देवांगन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर साइकिल से यात्रा कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल बचाव के आह्वान पर तखतपुर देवांगन मोहल्ला निवासी बस संचालक माधो देवांगन ने साइकिल यात्रा शुरू कर दिया है। बस संचालक होने के बाद भी श्री देवांगन नियमित रूप से साइकिल से ही अपनी यात्रा पूरी करते हैं। आम जनों को बस के माध्यम से अपने गंतव्य तक पहुंचाने वाले माधो देवांगन स्वयं बहुत सरल एवं सहज ढंग से अपनी यात्रा साइकिल पर नियमित रूप से करते हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं, तथा उन्हें किसी भी लाग लपेट से मतलब नहीं रहता है। अपने कार्यों में ही व्यस्त रहते हैं या पार्टी उन्हें जहां आदेश कर दे वहां पर मजबूती से अपनी उपस्थिति देते हैं। उनका कहना है कि, साइकिल चलाने से एक तो पेट्रोल की भी बचत होती है, दूसरा शारीरिक व्यायाम भी होता है। हम प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर यदि अपना छोटा सा योगदान दें, तो यह हमारी तरफ से देश को एक छोटा सा सहयोग होगा।

### नपं अध्यक्ष ने साइकिल को बनाया दिनचर्या का हिस्सा

**सरगांव।** वैश्विक स्तर पर बढ़ते युद्ध तनाव और ईंधन संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों



से ईंधन बचाने की अपील का असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरित होकर सरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू ने सादगी और जनजागरूकता की नई पहल शुरू की है। उन्होंने छोटी दूरी के लिए चारपहिया वाहनों का उपयोग कम कर साइकिल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। अध्यक्ष परमानंद साहू अब नगर की गलियों और वार्डों में साइकिल से पहुंचकर लोगों को ईंधन संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। उनका कहना है कि, जब देश के प्रधानमंत्री स्वयं अपने काफिले को सीमित कर सादगी का उदाहरण पेश कर सकते हैं, तो आम नागरिक भी पेट्रोल और डीजल की बचत के लिए छोटे-छोटे प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि, ईंधन संकट केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे देश की सामूहिक जिम्मेदारी है। साहू ने नगरवासियों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि, वे फिटनेस और फ्यूल सेविंग दोनों को अपनी जीवनशैली में शामिल करें। उनका मानना है कि, साइकिल का उपयोग न केवल पेट्रोल की बचत करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य लाभ में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### आत्मानंद दाऊपारा में लॉटरी से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न




**मुंगेली।** लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी निर्देशानुसार पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु ऑनलाइन से प्राप्त अभ्यर्थियों हेतु लॉटरी द्वारा प्रवेश प्रक्रिया आज 13 मई को अनुविभागीय अधिकारी अजय शतरंज एवं विखं शिक्षा अधिकारी जेके बावरे एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष रामशरण यादव एवं सदस्य डॉ हीरालाल साहू, रमेश बुनकर, दुष्यंत दुबे, ममता पाटले की उपस्थिति में पारदर्शी एवं निर्धारित निर्देशानुसार संपन्न की गई। इस अवसर पर बडी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। चयनित विद्यार्थियों की सूची शाला के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया गया है। चयनित विद्यार्थी 14 मई से 20 मई तक आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रवेश लिया जाना अनिवार्य होगा।

### ऑटो के पायदान पर बेटे का शव रखकर पीएम के लिए पहुंचा पिता

# सिस्टम की नाकामी, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



**पिता ने बयां किया दर्द**
मृतक के पिता ज्ञान सिंह गोंड ने बताया कि, उनका बेटा लंबे समय से बीमार था। इलाज के लिए ले जाने के दौरान उसने फांसी लगा ली। पुलिस कार्रवाई के लिए शव अस्पताल लाना जरूरी था, लेकिन कोई वाहन उपलब्ध नहीं हुआ। मजबूरी में ऑटो से शव लाना पड़ा और पोस्टमार्टम के बाद भी कोई मदद नहीं मिली। ऑटो चालक महिपाल ने बताया कि परिजन बेहद परेशान थे और उनके पास कोई साधन नहीं था। ऑटो में जगह कम होने के कारण शव को पायदान पर रखकर अस्पताल और फिर गांव तक पहुंचाया गया।

जीपीएम जिले से मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक तस्वीर सामने आई है। यहां एक आदिवासी पिता को अपने 22 वर्षीय बेटे के शव को पोस्टमार्टम के लिए ऑटो के पायदान पर रखकर जिला अस्पताल लाना पड़ा। दुखद पहलू यह रहा कि, पोस्टमार्टम के बाद भी परिजनों को शव वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके कारण उन्हें उसी ऑटो से शव वापस गांव ले जाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, जिले के विशेषरा गांव निवासी कमलेश गोंड लंबे समय से मानसिक बीमारी से पीड़ित था। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं और जागरूकता की कमी के चलते परिजन उसे इलाज के बजाय झाड़-फूंक के लिए माटी कछार गांव ले गए थे। इसी दौरान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस कार्रवाई और पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल पहुंचाना जरूरी था, लेकिन परिजनों को कोई एम्बुलेंस या शव वाहन उपलब्ध नहीं हो सका। मजबूरी में मृतक के पिता ज्ञान सिंह गोंड ने एक ऑटो किराए पर लिया और बेटे के शव को ऑटो के पायदान पर रखकर करीब 20 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रास्ते भर शव का हिस्सा ऑटो से बाहर लटकता रहा और पिता सिर झुकाए बेटे के शव के पास बैठा रहा। अस्पताल पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हुई, लेकिन उसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन या प्रशासन की ओर से शव वाहन की व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में परिजन उसी ऑटो में शव रखकर करीब 15 किलोमीटर दूर अपने गांव लौटे। इस पूरी प्रक्रिया में गरीब परिवार को करीब दो हजार रुपये खर्च करने पड़े। घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि, यदि समय पर शव वाहन उपलब्ध कराया जाता, तो परिवार को इस अमानवीय स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। मामले ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता की कमी और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## समिति प्रबंधक की नियुक्ति पर विवाद, की गई शिकायत

**पथरिया।** नवस्थापित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मार्या जुनवानी में समिति प्रबंधक के पद पर नियुक्ति विवादित हो चुकी है, जिसकी शिकायत समिति के उपेक्षित कर्मचारियों द्वारा किया गई है। शिकायत में बताया गया है कि, नवस्थापित जुनवानी सहकारी

- अस्थाई कम्प्यूटर ऑपरेटर को बनाया गया प्रबंधक

समिति में प्रबंधक के रूप में अस्थाई कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति कर दी गई है। जुनवानी नवीन समिति होने के कारण अध्यक्ष नहीं है, उनके स्थान पर प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सीईओ मिथलेश साहू को प्रबंधक नियुक्ति का कार्य सौंपा गया। इस पर 25 वर्षो से समिति में कार्यरत कर्मचारियों के वरिष्ठता को दरकिनार कर नियमों की अनदेखी कर अपात्र की नियुक्ति का आरोप कर्मचारियों ने लगाया है और जेआर को लिखित शिकायत कर नियुक्ति रद करने और वरिष्ट कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग की गई हैं।

**आपरेटर की नियुक्ति अवैध** - लिखित शिकायत में कर्मचारियों ने बताया है कि सहकारिता अधिनियम में उल्लेखित नियमानुसार अस्थाई कम्प्यूटर पद पर कार्यरत कर्मचारी को प्रबंधक नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि कम्पूटर आपरेटर धान खरीदी के लिये अस्थायी रूप से छह माह के लिए ही नियुक्त होता है। चूंकी वह समिति का कर्मचारी भी नहीं होता है एवं मार्कफेड द्वारा वेतन दिया जाता है, इस कारण समिति के प्रमुख के पद पर कम्प्यूटर आपरेटर की नियुक्ति अवैध है। शिकायत में बताया गया है कि, नवनियुक्त प्रबंधक संतराम वर्मा की नियुक्ति छह माह के लिए धान खरीदी के आकड़ों को ऑनलाइन करने के लिए की गई है, जिसको समिति का कोई भी पद नहीं दिया जा सकता।

### नियमानुसार नियुक्ति

मेरे द्वारा नियम अनुसार नियुक्ति की गई है। कोई कर्मचारी स्नातक नहीं है, इसलिए कम्प्यूटर ऑपरेटर का अस्थाई प्रबन्धक बनाया गया है।
**-मिथलेश साहू,** सीईओ सहकारिता विभाग

## 10 दिन बाद ऋषिकेश से बरामद हुई महिला



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत सावा डबरा से लापता महिला और उसके तीन बच्चे आखिरकार 10 दिन बाद ऋषिकेश के एक आश्रम में सकुशल बरामद हुए। बताया जा रहा कि, महिला अपने बच्चों के साथ भगवत कथा सुनने

- भगवत कथा सुनने बच्चों सहित आश्रम पहुंची थी

ऋषिकेश गई हुई थी। परिवार के अचानक लापता होने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थीं, और परिजन लगातार चिंतित थे। जानकारी के अनुसार, महिला 4 मई को अपने तीन बच्चों के साथ बहन के घर जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन काफी समय तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। साथ ही पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई। मामले में पुलिस की कार्रवाई धीमी होने की शिकायत को लेकर कलार समाज के प्रतिनिधियों ने तखतपुर थाना प्रभारी से मुलाकात कर जल्द खोजबीन की मांग भी की थी। पुलिस ने खंगाले 500 से अधिक सीसीटीवी- मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने जांच के दौरान लगभग 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मुंगेली, कोरबा और बिलासपुर सहित कई स्थानों पर महिला और बच्चों की तलाश की। जांच के दौरान रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में महिला और बच्चों के उत्कल एक्सप्रेस में सफर करते दिखाई देने के बाद पुलिस को अहम सुराग मिला।

### स्कूलों की मरम्मत व उन्नयन के लिए 2.78 करोड़ स्वीकृत

# बच्चे भविष्य, इनकी शिक्षा से समझौता नहीं हो सकताः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने क्षेत्र के विभिन्न हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग की विशेष मद से 2 करोड़ 78 लाख 22 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान कर बड़ी सौगात दी है।



अरुण साव ने कहा कि, राज्य की भाजपा सरकार शिक्षा के प्रति हमेशा उदारतापूर्वक कार्य किया है। बच्चे हमारे कल का भविष्य हैं, इनके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था से समझौता नहीं किया जा सकता। क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की मरम्मत की मांग के आधार पर लोकनिर्माण विभाग से बड़ी राशि उपलब्ध कराई गई है, जल्द ही कार्य शुरू होने से समुचित भवन रख-रखाव में बहुउपयोगी साबित होगी।

जानकारी के अनुसार शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन डोंगरिया के लिए 32 लाख 33 हजार, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन डिंडोरी के लिए 29 लाख 80 हजार, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन अखरार के लिए 29 लाख 41 हजार, शासकीय हाईस्कूल भवन सरगढ़ी के लिए 23 लाख 14 हजार, शासकीय हाईस्कूल भवन पथर्रा के लिए 24 लाख 37 हजार, शासकीय हाईस्कूल भवन साल्हेघोरी के लिए 24 लाख 8 हजार, शासकीय हाईस्कूल भवन खुड़िया के लिए 24 लाख 19 हजार, शासकीय हाईस्कूल भवन घठोली के लिए 24 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सभी स्कूलों में विशेष मरम्मत कार्य के लिए स्वीकृति के उपरांत कार्य आदेश भी जारी किया जा चुका है।

इसी तरह क्षेत्र के चार स्कूलों में विशेष मरम्मत एवं उन्नयन कार्य भी किया जाएगा, जिसमें डीएवी स्कूल कोतरी के लिए 19 लाख 96 हजार, शासकीय उमा शाला कोतरी के लिए 15 लाख 90 हजार, शासकीय हाईस्कूल भवन सुकली के लिए 15 लाख 35 हजार, शासकीय हाईस्कूल भवन खेकतरा के लिए 14 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त सभी कार्य के लिए राशि स्वीकृति के उपरांत निविदा प्रक्रिया में है। निर्माण कार्य स्वीकृति से ग्रामीणों ने अरुण साव के प्रति आभार जताया है।

# बढ़ती महंगाई, ईंधन संकट से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावितः शैलेश

**पेंड्रा।** कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर केंद्र सरकार की नीतियों और बढ़ती महंगाई को लेकर तीखा हमला बोला गया।

- कांग्रेस की पत्रकार वार्ता, केंद्र सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय ने कहा कि, लगातार बढ़ती महंगाई, ईंधन संकट और आवश्यक वस्तुओं के दामों में वृद्धि ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है।




उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से कम उपयोग और बचत की अपील करना जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। पिछले दो महीनों से देश के कई हिस्सों में डीजल, पेट्रोल और गैस संकट बना हुआ है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में किसानों को उर्वरकों का कम उपयोग करने, कर्मचारियों को 'वर्क फ्रॉम होम' करने और महिलाओं को गैस तथा खाद्य तेल की खपत घटाने की सलाह देना सरकार की विफलता को दर्शाता है। शैलेश पांडेय ने आरोप लगाया कि, किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से खेती की लागत बढ़ रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि, किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली केंद्र सरकार अब किसानों को कम उर्वरक उपयोग करने की सलाह दे रही है। उन्होंने बताया कि, छत्तीसगढ़ में लगभग 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों की आवश्यकता है, लेकिन अब तक सीमित मात्रा में ही खाद सोसायटियों तक पहुंच सकी है। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर सरकार को जमकर घेरा। साथ ही कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि, पेट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स लगाकर केंद्र सरकार ने आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला है। सोने की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, वर्ष 2013 में जहां सोना लगभग 28 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम था, वहीं आज इसकी कीमत डेढ़ लाख रुपए से अधिक पहुंच गई है, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। उन्होंने केंद्र सरकार से मध्यम एवं गरीब परिवारों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करने की मांग की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमति भानु, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह, अर्चना पोर्ते, मनीष दुबे, बेचूराम अहिरेश, मूलचंद कुशराम, रमेश साहू, शंकर कवर, शिवांश दुबे, अमित सोनी, चंद्रभान मरावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**मुंगेली।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। सत्र 2025-26 की परीक्षा में विद्यालय के कुल 55 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 54 विद्यार्थियों ने सफलता की दहलीज पार की है।

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 98.18 प्रतिशत रहा, जो शिक्षण की गुणवत्ता और छात्रें की अनुशासित जीवनशैली का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय की मेरिट सूची में राघवेंद्र नेताम ने अपनी बौद्धिक क्षमता का लोहा मनवाते हुए 89.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया तथा कला संकाय में हिमांशु धुलिया 88.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान, विनोद कुमार ध्रुव 85.2 प्रतिशत तृतीय स्थान, लकी राज मरकाम 84.6 प्रतिशत चतुर्थ स्थान एवं हिमांशु सिंह धुर्वे 84.2 प्रतिशत के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों में संध्या ध्रुव 79.2 प्रतिशत प्रथम स्थान, दिव्यांका परस्ते 76.8 प्रतिशत द्वितीय स्थान, अभिषेक कुमार बैगा 76.2 प्रतिशत तृतीय स्थान, अनिमा 75.2 प्रतिशत चतुर्थ स्थान एवं पूरन सिंह 74.8 प्रतिशत ने पंचम स्थान के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## टॉपर माही के घर पहुंचे विधायक, किया सम्मानित

**सीपत।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपसचेतक एवं मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने गुरुवार को कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त करने वाली सीपत की मेधावी छात्रा माही कश्यप के निवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया।



विधायक ने छात्रा की इस उपलब्धि को पूरे सीपत क्षेत्र, बिलासपुर जिले और प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया। इस दौरान विधायक ने माही कश्यप से उनकी सफलता का राज जाना। माही ने बताया कि, परीक्षा देकर लौटने के बाद ही उन्होंने घर के भगवान कक्ष में एक कोरे कागज पर 98 प्रतिशत लिखकर रख दिया था, और मन में विश्वास था कि वह यह लक्ष्य जरूर हासिल करेंगी। छात्रा की सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास से विधायक भी प्रभावित नजर आए। विधायक दिलीप लहरिया ने छात्रा से भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा, जिस पर माही ने बताया कि वह बायो विषय लेकर डॉक्टर बनना चाहती हैं, ताकि समाज की सेवा कर सकें। इस पर विधायक ने उनकी आगे की पढ़ाई में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। माही के निवास पर आयोजित इस आत्मीय मुलाकात के दौरान उनके पिता गोविंद कश्यप और माता विद्या कश्यप सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र धीवर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज खरे, सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, पत्रकार हिमांशु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस बिलासपुर ग्रामीण राजू सूर्यवंशी, सुनील आईएएस एकेडमी सीपत के संचालक सुनील निर्मलकर, क्रांति सक्सेना एवं राकेश डोंगरे उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर्स के बच्चों ने दिखाया कमाल



**मुंगेली।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया।

विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 70 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 30 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया। विद्यालय टॉपर्स में अनंत उपाध्याय 96 प्रतिशत, रानू लेडवानी 96 प्रतिशत, वैभवी कश्यप 93.6 96 प्रतिशत, आरव सोनी 92.2 96 प्रतिशत, हर्षिता तिवारी 92 96 प्रतिशत, शौर्य दीप सिंह 91.2 96 प्रतिशत, आकाश बजारे 90.6 96 प्रतिशत, अंकुरी सिंह ठाकुर 90.2 96 प्रतिशत, जाह्नवी ठाकुर 89.6 96 प्रतिशत, वैशाली राजेश्वानी 88.4 96 प्रतिशत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों की सतत मेहनत का परिणाम है। स्कूल प्रबंधन ने आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया है।

## जवाहर नवोदय का दबदबा कायम, शत-प्रतिशत परिणाम



**मुंगेली।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो का कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय में विज्ञान संकाय में प्रांजल बैस ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। चन्दन साहू 91.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा गगन पाण्डेय 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव व हर्ष का विषय है कि, छात्रों ने विशिष्ट विषयों में भी शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रांजल बैस ने कंप्यूटर साइंस जैसे जटिल विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी तकनीकी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी कड़ी में गगन पाण्डेय ने भी केमिस्ट्री विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। यह ऐतिहासिक सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, विद्यालय के समृद्ध शैक्षिक वातावरण एवं विद्यालयीन कर्मचारियों के सामूहिक परिश्रम का प्रमाण है। प्राचार्य देवेन्द्र कुमार साहू ने इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों व विद्यालय स्टाफ के सामूहिक प्रयास और पूर्ण समर्पण का सुखद परिणाम बताया।

## डीएवी गोढ़ी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी के छात्रों का कक्षा बारहवीं सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विज्ञान संकाय में प्रथम ओमप्रकाश वर्मा 87 प्रतिशत, द्वितीय मुस्कान वर्मा 78.6 प्रतिशत, तृतीय डेजी निर्मलकर 76 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम विनीता गेंदले 87 प्रतिशत, द्वितीय वरिंद्र यादव 84.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान कान्हा वर्मा 80.6 प्रतिशत ने प्राप्त किए। विद्यालय का सम्पूर्ण उत्तीर्ण परीक्षा परिणाम 93.54 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि, बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम की घोषणा का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का अवसर है। हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। जो विद्यार्थी अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सके हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### नवोदय में सीबीएसई बोर्ड का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**मल्हार।** पीएमश्री आवासीय जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार का सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं के विज्ञान तथा कला दोनों संकायों का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। स्कूल से कुल 70 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में प्रथम स्थान कला संकाय से रोशनी पोर्ते 94.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान कला संकाय से स्वीटी मोहले 92.6 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर विज्ञान संकाय से मोहित केवट 91 प्रतिशत अंकों के साथ रहे। इसी तरह कक्षा 10वीं में भी शत-प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीसी झा ने शिक्षकों की समर्पण भावना तथा कुशल मार्गदर्शन, छात्रों की अनुशासित मेहनत, अनुकूल शैक्षणिक वातावरण तथा टीमवर्क की भावना को अहम माना है।

## अल्फा पब्लिक स्कूल सीबीएससी 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत



**मुंगेली।** अल्फा पब्लिक स्कूल में सीबीएससी 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है एवं विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रथम स्थान सृजन स्वर्णकार 87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान रीत वाधवा 82 प्रतिशत, तृतीय स्थान आस्था सोनी 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। उसी प्रकार दसवीं कक्षा में भी परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान रोशिनी भास्कर 84 प्रतिशत, द्वितीय स्थान फरहाना खातून 83 प्रतिशत, तृतीय स्थान अमन साहू 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर्स आशीष तिवारी, सुमित तिवारी, स्वाति तिवारी, रितु तिवारी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिया। स्कूल के प्राचार्य प्रवीण कुलदीप ने कहा कि, यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

### उत्कृष्ट रहा डाएवी वेद परसदा में 12वीं का परिणाम



**मस्तूरी।** डीएवी स्कूल वेद परसदा में सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा अर्पिता तिवारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, वहीं नियति सोनी ने 85.8 प्रतिशत, भुनेश्वरी पटेल ने 82 प्रतिशत व स्नेहा बर्मन ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। विद्यालय की प्राचार्या श्वेता श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कहा कि, यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### किशन को जिले में दूसरा स्थान

**गौरेला।** मां कल्याणिक पब्लिक स्कूल मढ़ना के छात्र किशन सराफ ने सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 94.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया है। किशन सराफ श्री गंगा ज्वेलर्स के संचालक सुनील सराफ के सुपुत्र और मनीष सराफ के भतीजे हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मी के निर्माणाधीन मकान में चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका चौकी सीमा के श्यामा विहार फेज-2 में चोरों ने निर्माणधीन मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने पुलिस विभाग के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के से 30 हजार रुपये के सामान को पार कर दिया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सरकंडा पुलिस के अनुसार पुलिस विभाग से रिटायर्ड प्रधान आरक्षक शिव कुमार पांडेय पिता रामेश्वर प्रसाद पांडेय वर्तमान में कोरबा (जमनीपाली) में निवासरत हैं, चिल्हाटी चौक के पास श्यामा विहार फेज-2 में नया मकान बनवा रहे हैं, जिसका निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। 10 और 11 मई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर प्रवेश किया। सूचना मिलने पर 12 मई को बिलासपुर पहुंचे, इस दौरान घर के भीतर कमरों के ताले टूटे थे। चोरों ने मकान के अंदर से एक स्विंग चेयर (झूला), एक टी-टेबल और तीन गोल कॉर्नर टेबल, डब्ल्यूपीएफ दरवाजा और एक लोहे की सीढ़ी,40 जीआई पाइप और बिजली के तार सहित कुल 30 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया है।

### कहासुनी में निकाली तलवार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराब के नशे में बाइक चलाते हुए धारदार तलवार लहराने और गाली गलौज करने वाले आरोपी को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार विजय नगर देवरीखुर्द गली नंबर 7 में रहने वाले अजय साहू पिता लक्ष्मी साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 मई की रात 11.30 बजे वे घर के सामने खड़े थे इस दौरान डाकेश्वर दास मानिकपुरी उर्फ डाकू अपनी बाइक से आया और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उतावलापन दिखाने लगा। अजय के मना करने पर वह भड़क गया और गालियां देने लगा। जान से मारने की धमकी देते हुए तलवार लेकर आ गया तथा मारपीट करने लगा।

### गाज गिरने से पिता पुत्री झुलसे

**बिलासपुर।** मस्तूरी गतौरा इलाके में शुक्रवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से नीम के पेड़ के नीचे खड़े पिता पुत्री झुलस गए। पिता का इलाज सिम्स में इलाज जारी है। उनकी बेटी को भी बिजली के झटके लगे हैं। गतौरा निवासी घनश्याम खांडे अपनी बेटी पूनम खांडे के साथ शुक्रवार सुबह खेत में काम करने गए थे। सुबह 6 बजे खेत में दोनों कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम का बदला और तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। भीगने से बचने के लिए दोनों ही नीम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इस दौरान अचानक तेज आवाज के साथ पेड़ पर गाज गिरी। जिससे घनश्याम खांडे बुरी तरह झुलस कर जमीन पर गिर गए और बेटी पूनम चीखने लगी। दोनों को अस्पताल पहुंचाया। घनश्याम को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

### जनगणना करने गई शिक्षिका के घर घुसा चोर

**बिलासपुर।** सरकंडा अशोक नगर स्थित पार्क लाइफ कालोनी में जनगणना ड्यूटी करने गई शिक्षिका के घर में घुसकर चोर ने नकदी और चांदी के जेवरात पार कर दिया। सायरन बजते ही पड़ोसी घर के पास पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। सरकंडा पुलिस के अनुसार नीता तिवारी पति चंद्रकांत तिवारी शिक्षिका हैं। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे वे अशोक नगर स्थित मकान में ताला लगाकर जनगणना ड्यूटी के लिए ग्राम नगोई गई थीं। इस दौरान अज्ञात चोर ने उनके घर धावा बोल दिया। दोपहर 2 बजे जब चोर घर के भीतर दाखिल हुआ, इस दौरान सुरक्षा कैमरे का सायरन बज उठा। पड़ोसी अभिषेक तिवारी ने नीता तिवारी को सूचना दी। शिक्षिका दोपहर घर पहुंचीं। जांच करने पर पता चला कि चोर मुख्य गेट के ऊपर से कूदकर घर में दाखिल हुआ और किचन के रास्ते अंदर घुसा था। आरोपी ने किचन में रखे बैग से 5000 रुपये नकद और चांदी की पैरपट्टी चोरी कर ली थी। सरकंडा पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी को चोरी के सामान के साथ हिरासत में ले लिया।चोर ने अपना नाम शरद कर्ष पिता बोधन कर्ष उम्र 26 वर्ष बताया है।

**कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है निगम** | **एक इंजीनयर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट, कई प्रोजेक्ट 2 साल लेट चल रहे**

# 300 करोड़ के कामों पर असर, क्योंकि निगम के 49 इंजीनियर सहित 671 पद खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम इन दिनों कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। निगम में कुल 1274 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 603 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 671 पद अब भी रिक्त हैं। इससे नगर निगम के दैनिक कामकाज और विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है।

अलग खबर

नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। विभिन्न श्रेणियों के इंजीनियरों के 81 स्वीकृत पदों में से केवल 32 इंजीनियर कार्यरत हैं, जबकि 49 पद खाली हैं। ऐसे में कई प्रोजेक्ट और तकनीकी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। एक इंजीनयर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट हैं। इसी कारण वह समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। करीब 300 करोड़ के कामों पर इसका असर पड़ रहा है। गौरतलब है कि परिसीमन के बाद निगम क्षेत्र का दायरा बढ़ा है और इसमें 18 नगर पंचायत, नगर पालिका और ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके बावजूद स्टाफ बढ़ाने के बजाय कमी बनी हुई है। हालत यह है कि 70 वार्डों में हर वार्ड के लिए एक-एक सब इंजीनियर तक उपलब्ध नहीं है। फिलहाल सीमित इंजीनियरों को कई वार्डों की जिम्मेदारी दी गई है। स्टाफ की कमी के कारण कई काम ठेकेदार और साइट सुपरवाइजर के भरोसे चल रहे हैं। करीब दो साल से यह स्थिति बनी हुई है, जबकि प्रोजेक्ट लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देरी के कारण लागत भी बढ़ रही है, जिससे ठेकेदारों को फायदा और आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### इन कामों पर असर

- 28 करोड़ की पेयजल योजना पर असर
- 29.51 करोड़ का कोनी में कन्वेंशन सेंटर
- 22.52 करोड़ का कोनी में सड़क-नाली
- 22.54 करोड़ का मंगला में सड़क-नाली
- 17.35 करोड़ का अशोक नगर से बिरकोना रोड चौड़ीकरण
- 10 करोड़ का वसंत विहार से रपटा चौक सड़क-नाली
- 5.20 करोड़ का गुरुनानक चौक से मोपका-राजकिशोर नगर डामरीकरण
- 12.60 करोड़ का पुराना बसस्टैंड में शटल कार पार्किंग
- 9.94 करोड़ का अटल पथ निर्माण
- 5.19 करोड़ का आजाद चौक से मंगला चौक सड़क
- 11.42 करोड़ का 500 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी

### नए सेटअप की मांग

जोन कमिश्नर और स्थापना प्रभारी प्रवेश कश्यप के मुताबिक, निगम क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए राज्य सरकार से नए सेटअप और अतिरिक्त पदों की मांग की गई है, ताकि बढ़ते कार्यभार को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। इधर निगम में 47 सब इंजीनियर पदों में से सिर्फ 21, 22 असिस्टेंट इंजीनियर पदों में से केवल 4, और 10 कार्यपालन अभियंता पदों में से सिर्फ 6 पद भरे हुए हैं। वहीं 2 सीनियर इंजीनियर पदों में से केवल एक पद पर नियुक्ति है। इससे साफ है कि नगर निगम का तकनीकी ढांचा गंभीर स्टाफ संकट से गुजर रहा है।




### तीन इंजीनियर और एक उपायुक्त की पोस्टिंग

हालांकि स्टाफ की कमी के बीच निगम को कुछ राहत मिली है। ललित त्रिवेदी, जिन्हें असिस्टेंट इंजीनियर से पदोन्नत कर प्रभारी कार्यपालन अभियंता बनाया गया है, अब बिलासपुर में सेवाएं देंगे। इसके अलावा रायपुर नगर निगम के ईई लाल महेंद्र प्रताप सिंह और कोंडागांव के सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव को भी प्रभारी ईई के तौर पर यहां पदस्थ किया गया है। वहीं, अंकुर पांडेय को उपायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।

### कई इंजीनियरों के पास कई प्रभार

प्रभारी एसई शारदा प्रसाद साहू के पास एक साथ कई जोन और विभागों की जिम्मेदारी है। जोन 1, 2, 4 और 5 के साथ सीवरेज, वाहन, योजना, पीएम आवास और स्मार्ट सिटी का काम भी वही देख रहे हैं। तकनीकी स्टाफ की कमी का असर सिर्फ निर्माण कार्यों पर नहीं, बल्कि संपदा और लीज नवीनीकरण जैसे कामों पर भी पड़ रहा है। इसके साथ ही इंजीनियर अनुपम तिवारी के पास जल विभाग, सिटी बस सेवा, भवन शाखा के साथ दूसरे प्रभार हैं। प्रभारी एई श्रीकांत नायर के पास भी जोन 5 के अलावा अधोसंरचना, उद्यान, स्वच्छ सर्वेक्षण और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे कई काम हैं।

### मांग की गई है

नगरीय प्रशासन की बैठक में इंजीनियरों की कमी को लेकर चर्चा कर मांग की गई थी। प्रोजेक्ट पर कुछ असर तो पड़ ही रहा है। कमी के बावजूद व्यवस्था बनाकर काम पूरे करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही निगम को नए इंजीनियरों की पदस्थापना होने की उम्मीद है।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

### खुला नाला दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण...



**बिलासपुर।** शहर के सबसे व्यस्त बृहस्पति बाजार स्थित रोटरी मार्ग इन दिनों खतरों का मार्ग बना हुआ है। लिंक रोड को जोड़ने वाली इस सड़क के बीचों-बीच एक गहरा नाला खुला पड़ा है। सुरक्षा के नाम पर यहां केवल कुछ ईटें और मामूली रस्सियां बांधी गई है जो किसी भी बड़े हादसे को रोकने के लिए नाकाफी है। भारी बारिश के दौरान या रात के अंधेरे में यह खुला नाला किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकता है।

आंधी, तूफान चलने पर हादसे का कारण बन सकते हैं

# खतरा बने शहर के बाजारों में दुकानों के सामने लगे शेड, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्य मार्गों पर दुकानों के सामने टीन शेड लगे हुए हैं, जो आंधी चलने पर हादसे का कारण बन सकते हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि पिछले वर्षों में शेड उड़ने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पिछले एक सप्ताह से शहर में लगातार आए आंधी ने इन खतरों की ओर एक बार फिर इशारा किया है। कई जगहों पर शेड गिरे हैं।

दरअसल धूप, बारिश से बचने के लिए दुकानदार अपनी सुविधा के अनुसार टीन शेड लगाते हैं। यह शेड सिर्फ पाइप डालकर उनके सहारे रख दिए जाते हैं, जिससे मजबूती नहीं रहती है। यह तेज आंधी चलने पर उड़कर सीधे सड़क पर गिरते हैं। यदि इस बीच कोई राहगीर आ जाए, तो उसकी जान भी जा सकती है। कुछ दिनों पहले भी महामाया चौक में एक दुकान के सामने से शेड उड़कर हाइटेंशन लाइन में जाकर फंसा था और वाहन चालक उसकी चपेट में आने से बचे थे। यदि शॉर्ट सर्किट के बाद तार टूटकर सड़क पर गिर जाता, तो वाहन चालकों को करंट लग सकता था।

### कार्रवाई के बाद भी वही हाल

इधर निगम द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत अवैध रूप से बनाए गए दुकान के शेड और पक्के स्ट्रक्चर को तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। विशेषकर नूतन चौक और आसपास के क्षेत्रों में। इन कार्रवाइयों के दौरान दुकानदारों और निगम प्रशासन के बीच हंगामे की स्थिति भी बनी। शहर के पुराने बस स्टैंड में दुकानों के सामने दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर शेड लगाए जाने को लेकर कई बार दुकानदारों को समझाइश दी जा चुकी है और कई बार कार्रवाई चुकी है। इसके बाद भी दुकानदारों द्वारा हर बार शेड लगा दिया जाता है। शेड के कारण सड़कें सकरी हो जाती हैं।




गोलबाजार स्थित पुस्तक दुकान का गिरा शेड।

### जहां तक शेड, वहां तक सामान

दुकानदार दुकान के बाहर जहां तक शेड लगे रहते हैं, वहां तक सामान भी फैलाकर रखते हैं, जिससे वाहन चालक भी परेशान होते हैं। बाहर तक फैले सामान से फुटपाथ तक नहीं बचता है। इधर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के समय टीन शेड हटवा भी दिए जाते हैं, लेकिन कुछ दिन बाद ही व्यापारी फिर से शेड लगाकर अस्थायी अतिक्रमण कर लेते हैं। कुछ दुकानदारों ने हादसे न हो इसलिए टीन शेड की जगह कपड़ा अन्य रेगजीन लगाई है।

### की जा रही है कार्रवाई

अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत अवैध रूप से बनाए गए दुकान के शेड और पक्के स्ट्रक्चर को तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। इससे पहले कई बार दुकानदारों को समझाइश भी दी जा चुकी है।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त

# रेलवे स्टेशन में अचानक बजा सायरन, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में सुबह अचानक तीन से चार बार सायरन बजते ही हड़कंप मच गया। इस दौरान ट्रेन में बम की सूचना मिली, जिसके बाद बिलासपुर से लेकर मनेन्द्रगढ़ तक बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड सहित लोकल पुलिस और रेल अफसरों की टीम तैयार करने के बाद तत्काल मौके पर बचाव कार्य के लिए रवाना किया गया। बाद में पता चला कि यह माकड्रिल थी।

- **ट्रेन में बम होने की सूचना देकर की गई माकड्रिल**

रेलवे के अनुसार आपदा के दौरान फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम व स्थानीय नागरिक बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके तहत आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले राहत व बचाव कार्य से संबंधित तरीकों को अभ्यास के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए प्रशिक्षण दिए जाने की नियमित व्यवस्था भी है। इसमें शुक्रवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन के यार्ड में सुबह 10 बजे यात्री ट्रेन में बम विस्फोट होने की अफवाह फैलाई गई। इस अफवाह के बाद बिलासपुर, उसलापुर, कोटमीसोनार, बेलगहना व अन्य स्टेशनों में सायरन बजने के साथ ही आरपीएफ




और एनडीआरएफ की टीम तत्काल अलर्ट हुई। अफवाह में एक प्रदर्शन किया गया, जिसमें मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड के पास स्पेशल ट्रेन चिरमिरी-रींवा के एक स्लीपर कोच में बम विस्फोट से 5 यात्रियों की मौत, 8 यात्रियों के गंभीर रूप से घायल और सात यात्रियों के सामान्य रूप से घायल होने तथा कोच डिरेल होने व कोच में आग लगने की सूचना भी मिली। कोच में संदिग्ध पार्सल पैकेट देखे जाने की सूचना आरपीएफ व स्थानीय पुलिस को दी गई। अभ्यास प्रदर्शन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ, 11वीं बटालियन, मंडल संरक्षा विभाग, रेल आपदा प्रबंधन टीम, सिविल डिफेंट की संयुक्त टीम ने किया। यात्रियों को घटना की त्वरित व सटीक जानकारी प्रदान करने वाणिज्य विभाग ने मनेन्द्रगढ़, अंबिकापुर, कोतमा, बिलासपुर, अनूपपुर, उसलापुर, उमरिया, शहडोल सहित सभी प्रमुख स्टेशन में हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक के श्रीनिवास, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता दीपक ठाकुर, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी आरके देवांगन सहित मुख्यालय व मंडल के अधिकारी व स्टाफ मौजूद थे।

# अधेड़ पर हमला करने वाले 2 नाबलिग सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहतरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने 2 नाबालिग समेत 4 आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों ने रात के अंधेरा का फायदा उठाकर अधेड़ पर लकड़ी के बत्ते से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

बिल्हा पुलिस के अनुसार ग्राम मोहतरा निवासी आयुष बरगाह (19 वर्ष) ने 20 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 अप्रैल की रात गांव के तालाब स्थित शिव मंदिर के पास रूपेश मेहर और उसके दोस्तों ने



पुरानी रंजिश में उसके पिता राजेश बरगाह को रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए डंडे और लकड़ी के बत्ते से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में राजेश बरगाह के सिर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान जब अस्पताल से बेडहेड टिकट और मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त की, तो सिर की चोट बेहद गंभीर पाई गई। इसके आधार पर पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 109(2) (हत्या का प्रयास) जोड़ते हुए आरोपियों की तलाश तेज कर दी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी दीपक मेहर (24 वर्ष) और अन्नू ध्रुव (20 वर्ष) सहित दो अपचारी बालकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का बत्ता भी जब्त कर लिया है। सभी आरोपियों को जेल पर भेज दिया गया।

### स्कूटी में चाकू लेकर घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने बीती की रात गश्त के दौरान दो युवकों को धारदार हथियार के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने के लिए अपनी स्कूटी की डिक्की में अवैध रूप से चाकू और कैंची छिपाकर घूम रहे थे। पुलिस ने दो युवक पर आमर्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बिल्हा थाना क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी की वारदातों के मद्देनजर रात्रि गश्त और संदिग्ध वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में गुरूवार-शुक्रवार रात पुलिस टीम केशला सिटी के पास मेन रोड पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक स्कूटी सीजी 10 सीसी 4066 पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर मचलने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली,इस दौन स्कूटी की डिक्की में लोहे का धारदार चाकू और स्टील की कैंची बरामद की गई है। पुलिस की पकड़े में आए युवक की पहचान राकेश यादव (22 वर्ष) और साहिद अली (21 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों आरोपित बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम निपनिया के निवासी हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# बिल्हा में चोर गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बिलासपुर।** बिल्हा पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और नकबजनी की वारदातों पर पुलिस ने सफलता पाई है। पुलिस ने दो नाबालिग को हिरासत में लेकर चोरी के चार मामलों को सुलझा लिया है।

- **4 मामलों का हुआ खुलासा**

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देशानुसार चोरी की वारदातों की पर लगाम लगाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गठित टीम 13 मई की रात गश्त पर थी। इस दौरान दो बालक संदिग्ध अवस्था में घूमते मिले, पुलिस को देखकर छिपने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में नाबालिगों ने बिल्हा क्षेत्र के दगौरी, बेलटुकरी, गुमा और बिल्हा के अन्य सुनसान इलाकों में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस को दोनों बताया कि पहले बंद घरों की रेकी करते थे, सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, मोबाइल टावर का कॉपर केबल, कूलर मोटर, टूल्लू पंप और नकदी पार कर देते थे। आरोपियों ने कबूल किया कि वे चोरी का सामान फेरीवालों को बेच देते थे और नगदी को खान-पान व शौक में खर्च कर देते थे।

### पुलिस ने किया माल बरामद

पुलिस ने नाबालिगों के कब्जे से चोरी किए गए एक टूल्लू पंप और तीन नग कूलर मोटर बरामद किया है। चोरी के 30,000 रुपये नगद को आरोपियों ने खर्च कर दिया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना देने के बाद कोर्ट के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:- स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411